www.navpradesh.com

दैनिक नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 5 | आंचलिक 7 | आंचलिक

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, रविवार 30 जनवरी 2022, कृष्ण पक्ष त्रयोदशी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-07 अंक-284 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

//-- सुविचार --//

अगर समय पर बुरी आदतें ना बदली जाए, तो बुरी आदतें आपका समय बदल देती है।

आज बेबाक

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में राजनीतिक दलों के बीच जुबानी जंग तो चल ही रही है साथ ही मजेदार अंताक्षरी भी हो रही है। गाने के जवाब में गाने गवाए जा रहे है। इसकी शुरूआत अभिनेता रवि किशन ने यह गाकर की थी- यूपी में सब बा...। जवाबी गाना आया- यूपी में का बा.... जिंदगी झंड बा फिर भी घमंड बा...। अच्छा है। गानो से लोगों का बढ़िया मनोरंजन हो रहा है। गायक गायिका भी चार पैसे कमा रहे है। आपस में गाली गालौच करने से बेहतर है गाना बजाना कर चुनावी जंग को संगीतमय बनाना और मतदाताओं को रिझाना।

बस्तर के बाद चिंतन करना भूली भाजपा, सरगुजा ही नहीं, दुर्ग संभाग के लिए भी गढ़ना होगा चक्रव्यूह

नरेश सोनी

दुर्ग/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी ने बस्तर में चिंतन शिविर कर राजनीतिक तौर पर सक्रियता दिखाने की कोशिश की थी, किन्तु तयशुदा कार्यक्रम के मुताबिक वह सरगुजा में चिंतन नहीं कर पाई। सिर्फ सरगुजा ही क्यों, भाजपा को दुर्ग संभाग पर भी चिंतन करने की दरकार है, जहां उसे फिर से खड़ा होने की जद्दोजहद करनी पड़ रही है। भले ही बस्तर और सरगुजा जैसे आदिवासी और पहाड़ी क्षेत्रों के जरिए सत्ता की राह आसान बनाई जा सकती हो, किन्तु मैदानी क्षेत्रों के बिना सत्ता की सीढ़ियां चढ़ना आसान नहीं होगा। पिछले विधानसभा चुनाव के नतीजों का आंकलन करें तो दुर्ग संभाग में भी भाजपा को कड़ी मशक्कत करनी होगी। पहाड़ों से अलग इस मैदानी पट्टी में कुल 20 सीटें हैं, जिनमें से भाजपा को महज 2 सीटें ही मिली थी। इसमें भी एक सीट पर स्वयं डॉ. रमन सिंह मैदान में थे। बालोद, बेमेतरा और कबीरधाम जिलों से तो पार्टी का सूपड़ा ही साफ हो गया था। उसे दुर्ग और राजनांदगांव जिलों से महज 1-1 सीट पर जीत मिली थी। वहीं 1 सीट जनता कांग्रेस के खाते में गई थी। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

5 जिलों से मिली महज 2 सीट

दुर्ग संभाग की बात करें तो इस संभाग के अंतर्गत कुल 5 जिले आते हैं। इनमें दुर्ग के अलावा बालोद, बेमेतरा, राजनांदगांव व कबीरधाम शामिल है। दुर्ग जिले में जहां कुल 6 विधानसभा की सीटें हैं, वहीं बालोद व बेमेतरा में क्रमशः 3-3 और राजनांदगांव में 6 सीटें हैं। इसी तरह कबीरधाम जिले में भी विधानसभा की 2 सीटें हैं। कुल 20 सीटों वाले दुर्ग संभाग में विगत चुनाव में भाजपा को सिर्फ 2 सीटें ही मिली थी। राजनांदगांव से डॉ. रमन सिंह तो दुर्ग जिले की वैशाली नगर सीट से विद्यारतन भसीन ■ शेष पृष्ठ 6 पर

लेने होंगे कड़े फैसले

भाजपा को जमीनी स्तर पर काम कर कांग्रेस का तोड़ निकालना होगा। उसे जिला और ब्लाक स्तर पर न केवल संगठन की मजबूती अपितु सत्ता की खामियों को आमजन के सामने लाना होगा। यह उतना आसान भी नहीं होगा। जिला स्तर पर बात करें तो दुर्ग में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का वर्चस्व है। इस जिले को फतह करने के लिए पार्टी को न केवल वरिष्ठ नेताओं की खेमेबाजी पर लगाम कसनी होगी, वरन् कद्दावर नेताओं को सामने लाना होगा। जिले में अभी भाजपा के पास लोकसभा और राज्यसभा के सांसद हैं। इनके अलावा पूर्वमंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय के अनुभवों का लाभ भी पार्टी ले सकती है। यह सबकुछ तब, जबकि आपसी सिर फुटौव्वल नियंत्रित हो। बालोद और बेमेतरा जिले में भाजपा 2013 में भी साफ थी और अब भी साफ है। इन दोनों जिलों में गुटबाजी को नियंत्रित करना और कार्यकर्ताओं को जमीन पर उतारना भाजपा के लिए बड़ी चुनौती होगी। कबीरधाम और राजनांदगांव जिलों में डॉ. रमन का वर्चस्व रहा है, किन्तु उनका जादू नहीं चल पाया था। कबीरधाम जिले से मो. अकबर, भूपेश केबिनेट में प्रभावशाली मंत्री हैं। 2 सीटों वाले इस जिले में स्थानीय स्तर पर उनके जैसा प्रभावशाली नेता भाजपा के पास नहीं है। जाहिर है कि ऐसे जिलों में नया नेतृत्व उभारने पर जोर देना जरूरी है।

सूर्योदय

उदय : 6.35 प्रातः

अस्त : 5:24 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,923,555,490

भारत : 1,401,791,530

बाजार

सेंसेक्स : अवकाश

निफ्टी : अवकाश

गोल्ड : 49,100 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 61,100 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 4.49 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	27.9	13.9
बिलासपुर	28.2	14.4
जगदलपुर	29.0	15.0
अंबिकापुर	24.3	09.0

आज का दिवस

शहीद दिवसः भारतीय इतिहास में 30 जनवरी के दिन को एक बहुत ही दुखद दिन के रूप में याद किया जाता है। दरअसल 30 जनवरी 1948 को ही महात्मा गांधी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। यही कारण है कि देश में 30 जनवरी यानि महात्मा गांधी की पुण्य तिथि को शहीद दिवस के रूप में याद किया जाता है। इस दिन महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने के लिए देशभर में कई सभाएं आयोजित की जाती है। साथ ही राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित देश के कई गणमान्य नागरिक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित करने के लिए भी जाते हैं।

योगी-शाह के बाद यूपी में अब पीएम मोदी संभालेंगे भाजपा की कमान

31 जनवरी को पहली वर्चुअल रैली

नई दिल्ली (ए.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 जनवरी को उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में अपनी पार्टी भाजपा के लिए अपनी पहली आभासी राजनीतिक रैली को संबोधित करेंगे। इस दौरान पहले चरण में मतदान वाले जिलों को फोकस किया जाएगा। चुनाव आयोग ने कोविड -19 के बढ़ते मामलों के कारण 31 जनवरी तक रैलियों और रोड शो पर प्रतिबंध लगा दिया है। भाजपा के सूत्रों ने कहा कि अगर चुनाव आयोग यह प्रतिबंध बढ़ाता है तो पीएम इसी तरह की आभासी रैलियों को संबोधित कर सकते हैं।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, सूत्रों ने बताया है कि 31 जनवरी को रैली की योजना इस तरह से बनाई जाएगी कि यह एक बार में पश्चिम यूपी क्षेत्र के कम से कम चार से पांच जिलों को कवर करे। प्रारंभिक योजना के अनुसार, यह रैली सहारनपुर, बागपत, शामली, मुजफ्फरनगर और गौतम बौद्ध नगर जैसे जिलों को कवर करेगी।

पार्टी की योजना इस रैली के जरिए करीब 21 विधानसभा क्षेत्रों को साधने की है। हालांकि इसे आयोजित करने का मसौदा प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। सूत्रों ने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अमित शाह ने बंद किया डोर-टू-डोर कैंपेन, 25 मिनट का प्रोग्राम 5 मिनट किया

नई दिल्ली। कोरोना संक्रमण को देखते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने डोर-टू-डोर कैंपेन बंद कर दिया है. साथ ही उन्होंने अपने 25 मिनट के कार्यक्रम की अवधि भी कम करते हुए इसे महज 5 मिनट कर दिया है. दरअसल, प्रचार के दौरान भीड़ बढ़ने के कारण कोविड की गाइडलाइन का उल्लंघन हो रहा था. बता दें कि हाल ही में अमित शाह ने यूपी के कैराना में घर-घर जाकर प्रचार किया इसे लेकर विपक्ष समेत सोशल मीडिया पर कड़ी प्रतिक्रिया सामने आई थी. बता दें गृहमंत्री अमित शाह के पर्चे बांटने को लेकर समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने तंज कसते हुए कहा था कि बीजेपी कोरोना बांट रही है. इसके साथ ही लोगों ने भी सोशल मीडिया पर इसे लेकर तीखी प्रतिक्रिया जाहिर की थी.

बजट सत्र : दोनों सदनों में 31 जनवरी और 1 फरवरी को नहीं होगा 'शून्य काल'

नई दिल्ली (ए.)। 17वीं लोकसभा के 8वें सत्र के पहले दो दिनों के दौरान दोनों सदनों में राष्ट्रपति का अभिभाषण और बजट का प्रेजेंटेशन होगा। इस वजह से 31 जनवरी और 1 फरवरी 2022 को 'शून्य काल' नहीं होगा। 'शून्य काल' के दौरान उठाए गए सार्वजनिक महत्व के मामलों को 2 फरवरी 2022 से लिया जाएगा।

संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से आरंभ हो रहा है। राष्ट्रपति का अभिभाषण 31 जनवरी को होगा। सत्र के पहले चरण के दौरान लोकसभा और राज्यसभा की बैठकें दिन में अलग-अलग समय पर आयोजित होंगी, ताकि कोविड से जुड़ी सामाजिक दूरी के नियमों का पालन हो सके।

1 फरवरी को आम बजट पेश होगा : लोकसभा की बैठक 1 फरवरी को सुबह 11 बजे होगी और उस दिन आम बजट पेश किया ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सरकार बनी तो पंजाबियों को नौकरी में देंगे आरक्षण

'सीएम फेस' पर भी चरणजीत सिंह चन्नी ने दिया जवाब

नई दिल्ली। पंजाब में विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी में सीधी टक्कर देखने को मिल रही है। हालांकि अपनी पार्टी का सीएम फेस की घोषणा करके आप कांग्रेस से एक कदम आगे चल रही है। तमाम मंचों से आप संयोजक अरविंद केजरीवाल कई दफे चरणजीत सिंह चन्नी पर हमला बोल चुके हैं। प्रदेश में पार्टी की तमाम मुश्किलों को लेकर पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने खुलकर बात की। उन्होंने मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार की घोषणा करने के पार्टी के फैसले, उनके काम ■ शेष पृष्ठ 6 पर

चार साल में 6 वर्ल्ड रिकॉर्ड

■ **सोशल सर्विस में राजस्थान के लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने लहराया परचम**

उदयपुर। मेवाड़ के पूर्व राजपरिवार के सदस्य लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने समाज सेवा में दो नए वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाए हैं। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की ओर से उन्हें उनके जन्मदिन पर इन रिकॉर्ड के सर्टिफिकेट दिए। जनवरी में ही लक्ष्यराज ने एक घंटे में जरूरतमंदों को सबसे ज्यादा स्वेटर बांटकर पांचवां रिकॉर्ड को अपने नाम किया है। छठे रिकॉर्ड के रूप में लक्ष्यराज सिंह एक दिन में सबसे ज्यादा भोजन पैकेट बांटे। चार साल में यह उनका छठा रिकॉर्ड है। लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने 4 साल में समाज सेवा के रूप में 6 रिकॉर्ड गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज करवा लिए हैं।

पहले बना चुके ये कीर्तिमानः गौरतलब है कि लक्ष्यराज इससे पहले सर्वाधिक महिला स्वच्छता प्रोडक्ट्स, वस्त्रदान, स्टेशनरी दान और पर्यावरण संरक्षण के लिए सर्वाधिक पौधे ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जम्मू-कश्मीर : सेना ने गांदरबल में तीन संदिग्धों को दबोचा

■ **चीनी ग्रेनेड और पिस्तौल बरामद**

श्रीनगर (ए.)। भारतीय सेना ने गांदरबल जिले के हडूरा के शुहामा इलाके से तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से दो पिस्तौल, तीन मैगजीन और दो चीनी ग्रेनेड बरामद किए गए हैं। सेना ने बताया कि गांदरबल के शुहामा में ज्वाइंट मोबाइल वाहन चेक पोस्ट बनाया गया था। यहां रुकने का इशारा करने पर तीन लोगों ने भागने की कोशिश की, लेकिन उन्हें पकड़ लिया गया। इनके पास से चीनी ग्रेनेड और दो पिस्तौल बरामद की गई।

वहीं, बारामूला जिले में शुक्रवार को अज्ञात बंदूकधारियों ने एक पुलिसकर्मी की हत्या करने की कोशिश की। अधिकारियों ने बताया कि बंदूकधारियों ने बटमालू इलाके में एसडी कॉलोनी में कांस्टेबल मुनीर मेराज के आवास के पास उन पर गोलियां चला दीं। उन्होंने बताया कि हमले में वह बाल-बाल बच गए। पुलिस ने घटना का संज्ञान लेते हुए जांच शुरू कर दी है।

दूसरी तरफ, रजौरी जिले में शुक्रवार को ट्रेनिंग सेशन के दौरान हुए विस्फोट में सेना के चार जवान घायल हो गए। सूत्रों ने बताया कि नौशेरा सीमा क्षेत्र में सैन्य अड्डे पर रेगुलर ट्रेनिंग के दौरान ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

पेगासस स्पाइवेयर ने फिर मचाया हंगामा

नई दिल्ली (ए.)। पेगासस स्पाइवेयर पर अमेरिकी दैनिक समाचार पत्र 'द न्यूयॉर्क टाइम्स' के खुलासे ने भारत में एक बार फिर हंगामा मचा दिया है। समाचार पत्र NYT में दावा किया गया है कि इजराइली स्पाइवेयर पेगासस और एक मिसाइल प्रणाली भारत-इजराइल के बीच 2017 में हुए लगभग दो अरब डॉलर के हथियार एवं खुफि या उपकरण सौदे के ''केंद्र बिंदु'' थे। इस खुलासे के बाद से विपक्षी दलों ने मोदी सरकार तगड़ा हमला करना शुरू कर दिया है। यहां तक की राहुल गांधी ने हमला करते हुए कहा है कि मोदी सरकार ने देशद्रोह किया है।

बता दें कि पिछले साल उस समय विवाद खड़ा हो गया था, जब भारत सहित कई देशों में पत्रकारों, मानवाधिकार रक्षकों, नेताओं और अन्य लोगों की जासूसी करने के लिए कुछ सरकारों द्वारा कथित तौर पर एनएसओ समूह के पेगासस सॉफ्टवेयर के उपयोग की बात सामने आई थी। इसके चलते गोपनीयता संबंधी मुद्दों के लेकर चिंताएं पैदा हो गई थीं। ऐसे में आइए जानते हैं न्यूयार्क टाइम्स के खुलासे की 10 बड़ी बातें...

1. द न्यूयॉर्क टाइम्स' ने 'द बैटल फॉर द वर्ल्ड्स मोस्ट पावरफुल साइबरवेपन' शीर्षक वाली एक खबर में कहा कि इजराइली कंपनी एनएसओ ग्रुप लगभग एक दशक से इस दावे के साथ ''अपने जासूसी सॉफ्टवेयर को दुनिया भर में कानून-प्रवर्तन और खुफिया एजेंसियों को बेच'' रही थी कि यह जैसा काम कर सकता है, वैसा कोई और नहीं कर सकता।

2. रिपोर्ट में जुलाई 2017 में प्रधानमंत्री नरेंद्र ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जब हम एक होंगे, तब ही क्षेत्र का विकास होगा : अंकित

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला पंचायत सभापति गौरहा श्रीमद्भागवत महापुराण के आयोजन में सम्मिलित हुए। उन्होंने कहा हम सदियों से धर्म पुस्तकों का पाठ करते आ रहें हैं। जब हम एक होंगे, तब ही क्षेत्र का ना केवल विकास होगा, वरन अमन चैन का वातावरण भी तैयार होगा। ग्राम पंचायत गोंदईया ओकलाहीपारा में महिला कीर्तन मंडली ने श्रीमद् भागवत महापुराण का आयोजन किया। इस दौरान व्यास पीठ से भगवताचार्य ने धर्म और कर्म के साथ अच्छा इंसान बनने का मंत्र दिया। व्यासपीठ से भगवताचार्य ने भगवान की लीला के बहाने लोगों को मानवता का पाठ भी पढ़ाया। उन्होने कहा सुमति और संगति ही जीवन का मूल आधार है। भगवान की हमेशा कृपा रहती है। इस दौरान जिला पंचायत सभापति ने भी उपस्थित लोगों को संबोधित किया। अंकित ने कहा हम सदियों से धर्म पुस्तकों का पाठ करते आ रहे हैं। बावजूद इसके हमारी दूरिया घटी नहीं बल्कि बढ़ी है। जब हम एक होंगे..तब ही क्षेत्र का ना केवल विकास होगा..बल्कि अमन चैन का वातावरण भी तैयार होगा। ग्राम पंचायत गोंदईया ओकलाहीपारा में महिला कीर्तन मंडली ने श्रीमद् भागवत महापुराण का आयोजन किया। व्यासपीठ से भगवताचार्य के वाचन को सुनकर पूरा गांव मंत्रमुग्ध हो गया। इस दौरान जिला पंचायत सभापति अंकित गौरहा ने व्यास पीठ पहुंचकर आशीर्वाद लिया। साथ ही उपस्थित लोगों की मांग पर संबोधित भी किया। उन्होंने आगे कहा कि यदि हम ऋषि मुनियों और अपने ईश्वर के आचरण को जीवन में उतार लें

तो सारी वैमनस्यता अपने आप ही खत्म हो जाएगी। किसी भी धर्म ग्रंथ में जीवों के खिलाफ अनिष्ट की बातें नहीं कही गयी है। जहां तक मैने जो अध्ययन किया है उसमें हमेशा यही पाया है कि हमारे पूर्वजों ने मनुष्य ही नहीं बल्कि सभी जीवों पर दया करने का पाठ ही पढ़ाया है। हमने भी पाठ पढ़ा है..लेकिन उस पाठ को जीवन में कभी ईमानदारी से नहीं उतारा है। अंकित ने उपस्थित लोगों को बताया कि हमें मिलजुलकर रहना होगा। हमारी जरूरतें अलग अलग हो सकती है। लेकिन इन जरूरतों के लिए हमें हर सूरत में एक और नेक बनकर रहना होगा। चाहे समाज हो या परिवार3सभी की मनोकामना बिना एक हुए पूरी नहीं हो सकती है। रामचरित मानस में बाबा तुलसीदास ने कहा भी है कि जहां सुमति तहं सम्पत्ति नाना..जहां कुमति तहं विपत निधाना। इसलिए हमें अपने साथ समाज और प्रदेश के साथ देश के विकास के लिए मिलजुलकर रहना ही होगा। शासन प्रशासन हमेशा आपके साथ था, है और रहेगा। क्योंकि आप से ही शासन और प्रशासन है। उन्होंने कहा कि कथा को जीवन में उतारने का प्रयास किया जाए। उन्हें खुशी है कि कार्यक्रम में शामिल होने के साथ ही व्यासपीठ से आशीर्वाद लेने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस दौरान आचार्य रोहिणी कुमार पांडे कीर्तन महिला समिति की शकुन बाई, फूल बाई, अमेरिका बाई, राजू साहू, यशवंत साहू, मोहन साहू, पूनऊ साहू, नानू साहू, अशोक साहू, शिव प्रसाद साहू, पवन धीवर, राजकुमार धीवर, जतिन धीवर, विमल कश्यप, जनक धीवर विशेष रूप से उपस्थित रहें।

वृद्ध महिला से उठाईगीरी, घर में काम करने वाला युवक दोस्तों के साथ घटना को दिया अंजाम

बिलासपुर/नवप्रदेश। वृद्ध महिला से 41 हजार की उठाईगिरी का मामला सामने आया था। दुखनी बाई यादव पति स्व. छहुरा राम निवासी इन्द्रपुरी सिरगिट्टी थाना उपस्थित आकर प्रथम सूचना पत्र दर्ज करायी कि वह अपने निराश्रित पेंशन की रकम भारतीय स्टेट बैंक तिफरा जाकर 41,000 रुपये निकाली थी, जिसे एक पन्नी में रख कर अपने शाल में लपेटकर पैदल घर जा रही थी, मेट्रो अस्पताल के पास भिडभाड वाले जगह में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उक्त पैसे को चोरी कर लिया गया।

घटना की सूचना तत्काल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बिलासपुर पारूल माथुर को दी गई तथा आवश्यक दिशा निर्देश प्राप्त की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बिलासपुर उमेश कश्यप तथा नगर पुलिस अधीक्षक स्नेहिल साहू द्वारा थाना स्तर पर टीम गठित कर घटना के आरोपी को ढूंढने हेतु निर्देशित किया गया। जहां बैंक परिसर में लगे कैमरे में एक व्यक्ति संदिग्ध हरकत करते दिखा जिसकी पहचान खेम सिंह लोनिया के रूप में की गई। जिसके निवास स्थान पर दबिश दी गई तो उसने बताया कि वह बुजुर्ग महिला उसी की मोहल्ले की रहने वाली है तथा अकसर वह बैंक अकेले आया जाया करती थी, तब उसने पैसे चोरी करने का योजना बनाया और घटना दिनांक को बैंक में बुजुर्ग महिला को पैसे निकालते हुये देखा था, वह उसका पीछा करने लगा तथा मौका देखकर उसके पैसे चोरी कर लिय। चोरी गये पैसे को अपने घर में छिपा लिया था। आरोपी के कब्जे से बुजुर्ग महिला की चोरी गये संपूर्ण 41,000 रुपये बरामद किये गये। आरोपी के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही जारी है। आरोपियों में खेम सिंह लोनिया पिता जयनारायण लोनिया उम्र 19 साल साकिन शांति नगर तिफरा थाना सिरगिट्टी जिला बिलासपुर छ.ग. जप्त मशरूका रू दृ 41,000 रुपये नगद नाम आरोपी (अपराध क्रमांक 64 / 2022), प्रभात यादव पिता बेदराम यादव उम्र 20 साल साकिन ग्राम डोगरिया थाना सिमगा जिला बलौदाबाजार हा.मु. इन्द्रपुरी सिरगिट्टी थाना सिरगिट्टी जिला बिलासपुर छ.ग., राकेश यादव उर्फकमल यादव पिता मनोज यादव उम्र 19 साल साकिन धनेली थाना भाठापारा जिला बलौदा बाजार, हा.मु. इन्द्रपुरी सिरगिट्टी थाना सिरगिट्टी जिला बिलासपुर, अपचारी बालिका शामिल है। एक अन्य मामले में तेजिन्दर सिंह भाटिया पिता अमोलक सिंह भाटिया निवासी ए - 32 रामा वर्ल्ड तिफरा थाना उपस्थित आकर प्रथम सूचना पत्र दर्ज कराया कि उनके मकान से एक नेवी ब्लू कलर के ट्राली बैंग जिसमें घर के पुरानी इस्तेमाली कपडे तथा लगभग 05 तोला सोने के आभूषण (एक सोने का चैन , एक जोडी सोने का टाप , सोने की दो अंगुठी) चोरी कर लिये गये है। घटना की सूचना तत्काल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बिलासपुर पारूल माथुर को दी गई तथा आवश्यक दिशा निर्देश प्राप्त की गई। उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना स्तर पर टीम गठित कर घटना के आरोपियों को ढुढने हेतु निर्देशित किया गया। जहां प्रार्थी के घर का सीसी टीव्ही फुटेज देखी गई जहां उनके यहां खाना बनाने वाली कर्मचारी प्रभात यादव सीसी टीव्ही कैमरे को बंद करते हुये पाएगी। संदेह के आधार प्रभात यादव से पूछताछ की गई तो वह घटना में शामिल होने से इंकार करती रही। परंतु पुलिस द्वारा कडाई से पूछताछ की गई तो वह अपने दो साथी के साथ घटना कारित करना बताया कि उसके द्वारा काम करने के दौरान चोरी के नियत से घर के विभिन्न कमरो एवं सामानो पर नजर रखी जा रही थी, इस दौरान घटना दिनांक से एक दिन पूर्व वह घर पर नगद रकम तथा कपड़ों से भरा बैग और उसके अंदर छोटे पैकेट में सोने के आभुषण देख ली थी। घटना दिनांक को वह अपने साथी राकेश यादव उर्फकमल तथा एक अपचारी बालिका को बुलवाया तथा नेवी ब्लू कलर के ट्राली बैग को नगद रकम व आभुषण सहित चोरी कर राकेश को दे दिया, राकेश उस बैग को अपचारी बालिका के साथ अपने साथ लाई बाईक में चोरी कर ले गया। सिरगिट्टी पुलिस द्वारा पूछताछ पश्चात चोरी की गई नगद रकम, सोने का आभुषण, ट्राली बैग सहित पुरानी इस्तेमाली कपडे बरामद कर लिये गये हैं तथा घटना में प्रयुक्त बाईक भी जप्त की गई है। तीनों आरोपियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही जारी है।

रेल्वे स्टेशनों की सुरक्षा व्यवस्था एवं अपराधियों के धरपकड़ के लिए बैठक संपन्न

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर रेंज स्तरीय रेल्वे सुरक्षा समिति की समन्वय बैठक बिलासपुर रेंज अंतर्गत आने वाले रेल्वे स्टेशनों की सुरक्षा व्यवस्था एवं अपराधियों के धरपकड़ एवं कार्यवाही हेतु आर.पी.एफ, शासकीय रेल्वे पुलिस एवं जिला पुलिस बल के अधिकारियों की त्रैमासिक समन्वय बैठक श्री रतन लाल डांगी, पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज द्वारा रेंज कार्यालय बिलासपुर में वर्चुअल बैठक आहूत की गई। जिसमें पारूल माथुर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जिला बिलासपुर, अभिषेक मीणा, पुलिस अधीक्षक, जिला रायगढ़, अभिषेक पल्लव, पुलिस अधीक्षक, जिला जॉजगीर-चाम्पा, भोजराम पटेल, पुलिस अधीक्षक, जिला कोरबा, त्रिलोक बंसल, पुलिस अधीक्षक, जिला गौरेला- पेण्ड्रा-मरवाही, आर.के. शुक्ला, मण्डल सुरक्षा आयुक्त, रेल्वे सुरक्षा बल बिलासपुर, राजेश कुकरेजा, पुलिस अधीक्षक (रेल), रायपुर, दीपमाला कश्यप, अति. पुलिस अधीक्षक, रेंज कार्यालय बिलासपुर उपस्थित रहें। बैठक के दौरान पुलिस महानिरीक्षक द्वारा रेल्वे सुरक्षा आयुक्त पुलिस अधीक्षक (रेल) तथा रेंज के जिलों द्वारा प्रस्तुत जानकारी की समीक्षा की गई तथा जिला बिलासपुर, रायगढ़, कोरबा, जॉजगीर-चाम्पा एवं गौरेला-

पेण्ड्रा-मरवाही अंतर्गत आने वाली सभी रेल्वे स्टेशनों की सुरक्षा व्यवस्था एवं घटित अपराधों की जाँच विवेचना तथा रोकथाम के संबंध में विभिन्न निर्देश दिये गये रेल्वे स्टेशनों में संचालित होटल एवं रेस्टोरेंट के गेट जो शहर की ओर खुलते हैं, रात्रि में निर्धारित समय पश्चात भी उनके खुले रहने से असामाजिक तत्वों का आना-जाना बना रहता है, इसे रोकने हेतु निर्धारित समय के पश्चात शहर की ओर खुलने वाले रेस्टोरेंट/होटल के गेट को बंद कराने निर्देशित किया गया। रेल्वे स्टेशन एवं यात्रियों की सुरक्षा की दृष्टि से सभी बड़े रेल्वे स्टेशनों के सामने एवं पीछे की ओर खुलने वाले सभी द्वार (गेट्स) में पर्याप्त संख्या में ''एफ आरएस'' तकनीकी के सी.सी.टी.व्ही. कैमरा लगवाये जाना प्रस्तावित है जिससे स्टेशनों पर आने-जाने वाले अपराधियों, संदिग्धों तथा असामाजिक तत्वों की पहचान हो सकेगी रेल्वे स्टेशनों में पार्किंग स्थलों को सुव्यवस्थित बनाने, अवैध पार्किंग करने वाले वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने के साथ ही वहाँ पर भी सी.सी.टी.व्ही. कैमरा लगवाये जाने निर्देशित किया गया। रेल्वे के माध्यम से गाँजा व अन्य मादक पदार्थों की तस्करी व परिवहन को रोकने के उद्देश्य से एक विशेष टास्क फोर्स जिसमें जीआरपी, आरपीएफ और स्थानीय पुलिस शामिल हो गठन कर गाड़ियों एवं प्लेटफार्म की चेकिंग करने निर्देश दिये गये, साथ ही आकस्मिक तौर पर रेल्वे स्टेशन में संदिग्ध व्यक्तियों की चैकिंग किये जाने हेतु भी निर्देश दिये गये है। स्टेशनों के वाहन पार्किंग स्थलों पर लंबे समय से खड़े लावारिस वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही हेतु संबंधित जिला पुलिस से जानकारी साझा किया जाकर उसका वैधानिक निराकरण करने निर्देशित किया गया है। यात्री ट्रेनों में विशेषकर त्यौहारी सीजन में महिलाओं व अन्य यात्रिओं के साथ होने वाले उठाईगिरी की घटनाओं की रोकथाम के लिए उठाईगिरी गिरोह को चिन्हित कर प्रभावी कार्यवाही किये जाने पर विशेष बल दिया गया।

उत्कृष्ट कार्य करने पर पुरस्कृत हुए डायल 112 के कर्मचारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। डायल 112 आपातकालीन सेवा द्वारा आम जनता को पुलिस, फायर एवं एम्बुलेंस की सेवा एकाकृत रूप से प्रदाय की जा रही है। असुरक्षित महसूस होने पर महिलाओं को सुरक्षित स्थान पर छोडनें, गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित अस्पताल पहुंचाने, गुम बाल-बालिका को उनके परिजन से मिलाने, एक्सीडेंट में घायल व्यक्यिों को सुरक्षित अस्पताल पहुंचाने तथा कोरोना महामारी के दौरान लोगों को सहायता पहुंचाने का काम डायल 112 आपातकालीन सेवा द्वारा बखूबी किया जा रहा है। जिसके फलस्वरूप 28 जनवरी को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बिलासपुर पारुल माथुर द्वारा डायल 112 में पदस्थ कर्मचारियों द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते हुए कर्मचारियों के उत्साहवर्धन हेतु प्रश्स्ति पत्र से पुरस्कृत किया। प्रश्स्ति पत्र

वितरण के दौरान डायल 112 नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रोहित कुमार झा एवं डीपीसीआर डायल 112 प्रभारी उप निरीक्षक मनीराम सोनवानी उपस्थित रहे। आरक्षक धीरेन्द्र ध्रुव, जाफर खान, धीरज कश्यप, विनोद साहू, ऋषि कुमार , नोहर साहू, संजय विश्वास, चालक- राजेन्द्र जयसवाल, मुकेश लास्कर, दिनेश सारथी एवं भुनेश्वर साहू को प्रश्स्ति प्रत्र से पुरस्कृत किया गया।

महापौर का सुझाव-व्यापारी गार्ड लगाकर वाहनों को करें व्यवस्थित

- **दुकान कर्मचारी व्यवस्थित जगह में अपने वाहन खड़ा करें-कलेक्टर**
- **गोल बाजार में 1 फरवरी से होगा वन-वे खत्म, फिर से सुगम होगा यातायात**

बिलासपुर/नवप्रदेश। गोल बाजार में वन-वे व्यवस्था को लेकर व्यापारी संघ, जिला प्रशासन व जनप्रतिनिधियों की बैठक हुई। इसमें व्यापारियों ने कहा कि मार्ग के वन वे होने के कारण कारोबार 70 प्रतिशत घट गया है। इसके बाद सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए एक फरवरी से वन-वे हटाने का निर्णय लिया गया। व्यापारियों ने भी दुकान के बाहर सामान न रखने पर सहमति दी। मंथन सभाकक्ष में कलेक्टर डॉ. सारांश मित्तर की अध्यक्षता में हुई बैठक में जनप्रतिनिधियों ने व्यापारियों की समस्या को सामने रखा। चर्चा के बाद सहमति बनी की एक फरवरी से मानसरोवर चैक और सिम्स चैक के पास लगाए गए बेरीकेड खोल दिए जाएंगे। गोल बाजार से वन-वे हटा दिया जाएगा। इसमें कलेक्टर सारांश मित्तर ने व्यापारियों से कहा कि दुकान के सामने सीढ़ी के बाहर सामना न निकालें। साथ ही दुकान के कर्मचारी किसी व्यवस्थित जगह में अपने वाहन खड़े करें। इस पर सभी दुकानदारों ने हामी भरी। बैठक में एसपी पार्स्ल माथूर, महापौर रामशरण यादव, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष प्रमोद नायक, जिला पंचायत अध्यक्ष अर्स्णं चैहान, नगर निगम आयुक्त अजय त्रिपाठी, एसडीएम पुलक भटाचार्य, एडिशनल एसपी उमेश कश्यप, महेश दुबे, अभय नारायण राय सहित अन्य जनप्रतिनिधि और व्यापारी उपस्थित रहे। बैठक में महापौर रामशरण यादव ने व्यापारियों को सुझाव दिया कि गोल बाजार में जाम की स्थिति निर्मित न हो, इसलिए व्यापारी संघ कुछ गार्ड रख ले। वे दुकानों के बाहर खड़े होने वाले वाहनों को व्यवस्थित करेंगे। इससे मार्ग में जान कि स्थिति काफी हद तक कम हो जाएगी। इसके साथ ही व्यापारियों ने मांग की कि गोल बाजार के सुलभ शौचालय को सुधरवाया जाए। महापौर ने मौके से ही निगम के अधिकारियों को कहकर सुलभ सुधारने का काम शुरू करा दिया। गुरूवार की रात को महापौर रामशरण यादव, पर्यटन मंडल अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष प्रमोद नायक और जिला पंचायत अध्यक्ष अर्स्णं चौहान ने गोल बाजार में जानकार व्यापारियों से चर्चा की थी। इस दौरान ट्रैफ्कि व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई।

गोल्ड मेडलिस्ट खिलाड़ियों की अनदेखी पर जनता में नाराजगी

बिलासपुर/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय गोल्ड मेडलिस्ट बिलासपुर की बेटी खुशी विजय जूडो कराटे में गोल्ड मेडल जीतकर आई है। किंतु बिलासपुर में 26 जनवरी 2022 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर कांस्य पदक एवं सिल्वर मेडल खिलाड़ियों का नाम मेजर ध्यानचंद के लिए अवार्डेड हुआ है। उनकों सम्मानित किया गया है। जबकि गोल्ड मेडलिस्ट कुमारी खुशी विजय को किसी तरह की कोई जानकारी नहीं दी गई है। ना ही उनकी पूछ परख की गई है। इस अनदेखी से समाज के लोगों में नाराजगी थी। इस मामले को लेकर गोल्ड मेडलिस्ट खिलाड़ी खुशी एवम उसके परिजन और समाज के लोगों ने कलेक्टर से मिले पूरे मामले को कलेक्टर डॉ. सारांश ने गंभीरता से सुनी जूडो कराटे में गोल्ड मेडल जीतकर आई खुशी को भरोसा दिलाया और भविष्य में उन्हें भी वही सम्मान दिलाया जायेगा जिसकी वह हकदार है। इस दौरान विशेष तौर पर कलेक्टर द्वारा खिलाड़ी के पिता को उसकी पढ़ाई के आगे जारी रखने की बात भी कही।

अवैध कबाड़ परिवहन करते पकड़ाए आरोपी, सिरगिट्टी पुलिस ने की कार्रवाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पारुल माथुर द्वारा बिलासपुर जिले के सभी थाना प्रभारियों को कबाड़ समान परिवहन करने वाले व्यक्तियों पर अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त निर्देशन के परिपालन मे थाना क्षेत्र में विश्वस्त मुखबिर लगाकर अवैध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि न्यू बस स्टैंड तिफरा रायपुर रोड एवं बन्नाक चौ सिरगिट्टी मोड की ओर अवैध कबाड़ समान परिवहन कर ले जाए जा रहा है। उक्त सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना सिरगिट्टी द्वारा थाना स्तर पर अलग-अलग

टीम गठित कर न्यू बस स्टैंड तिफरा बिलासपुर-रायपुर रोड के पास ट्रक क्रमांक सीजी 12 सी 2820 को रोककर जांच की गई ट्रक में अवैध कबाड़ समान रखा हुआ पाया गया एवं बन्नाक चैक सिरगिट्टी के पास ऑटो वाहन क्रमांक सीजी 10 एएस 4119 को रोककर जांच करने पर वाहन में अवैध कबाड़ मिला, अवैध कबाड़ सामान जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

बैटरी व डीजल चोरी करने वाले गिरोह को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला पंचायत सभापति बिलासपुर अंकित गौरहा के ग्राम सेमरी रतनपुर स्थित फार्म हाउस में 27 जनवरी की दरमियानी रात चोरी की नीयत से घुसने वाले लगभग 4 आरोपी जो 2 मोटर सायकल में आये थे।

फार्म हाउस के कोठार के सामने खड़े महिंद्रा ट्रेक्टर में लगे बैटरी को चोरी कर ले जाने लगे तभी फार्म हउस के चौकीदार अशोक यादव की नींद से जगा और कुछ अवाज सुनकर अज्ञात 4 लोगों को दौड़ाया जिसमें से 01 चोर को उसने पहचान लिया जिसका नाम अनिकेत कौशिक जो ग्राम समरी का ही रहने वाला है। घटना की सूचना थाने में दी गई 28 जनवरी को थाने में रिपोर्ट

करने पर पुलिस टीम द्वारा संदेही को उठाकर पूछताछ करने पर उसने 03 अन्य आरोपीयों के साथ उक्त चोरी की घटना घटित करना स्वीकार किया एवं साथ ही बताया कि लगभग 01 माह पूर्व भी हम लोग के द्वारा ग्राम लखराम में अशोक श्रीवास के फलाईएक्स ब्रिक्स कपंनी में 02 ट्रेक्टर मे डीजल चोरी की गई है, एवं तत्परता के साथ कार्यवाही करने पर उक्त दोनों चोरियों का खुलासा करते हुये को 03 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, एक अन्य आरोपी के घर में दबिश दी गई जो फरार है। दोनों मोटर सायकल जो अपराध में प्रयुक्त हुई है जो बिना नंबर की हैं संभवतः चोरी का मोटर सायकल होने का अंदेशा है, जिसका इंजन नंबर चेचिस नंबर के माध्यम से मूल वाहन स्वामी का पता तलास कर अग्रिम कार्यवाही किया जाता है। उक्त चोरी का पर्दाफाश करने में थाना प्रभारी थाना रतनपुर निरीक्षक हरविंदर सिंह के निर्देशन पर प्र. आर. 675 प्रवीण कुमार पांडेय, आरक्षक दीपक मरावी, कीर्ति पैकरा, रामधीर टोप्पो की भूमिका रही। पुलिस के साथ साथ फार्म हाउस के मालिक अंकित गौरहा एवं उनके चैकीदार की भी भूमिका रही। एक अन्य फरार आरोपी के पकड़ाने पर अन्य डीजल चोरी, बैटरी चोरी एवं अन्य चोरी के खुलासा होने की संभावना हैं। आरोपियों में अनिकेत कौशिक पिता देव कुमार कौशिक उम्र 21 साल साकिन ग्राम सेमरी थाना रतनपुर जिला बिलासपुर, राहूल उपाध्याय पिता स्व. माखन उपाध्याय उम्र 22 साल साकिन ग्राम सेमरी थाना रतनपुर जिला बिलासपुर, धरमपाल प्रभाकर पिता सीताराम प्रभाकर उम्र 30 साल साकिनग्राम सेमरी थाना रतनपुर जिला बिलासपुर की गिरफ्तारी की गई। वहीं आरोपी नरेद्र उर्फ मोटू सूर्यवंशी निवासी ग्राम सेमरी रतनपुर अभी तक फरार है।

राजिम माघी पुन्नी मेला केंद्रीय समिति की बैठक संपन्न

धर्मस्व मंत्री ताम्रध्वज साहू की अध्यक्षता में हुई बैठक, श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए व्यवस्था पूर्ववत रहेगी

रायपुर (नवप्रदेश)। धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री ताम्रध्वज साहू की अध्यक्षता में आज राजिम माघी पुन्नी मेला की केंद्रीय समिति की बैठक राजिम नगर पंचायत के मंगल भवन में संपन्न हुई। बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में खाद्य एवं गरियाबंद जिले के प्रभारी मंत्री अमरजीत भगत, राजिम विधायक अमितेश शुक्ल भी मौजूद थे। बैठक में राजिम माघी पुन्नी मेला की तैयारियों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में धर्मस्व मंत्री श्री साहू ने कहा कि परंपरा के अनुरूप इस वर्ष राजिम माघी पुन्नी मेला का आयोजन 16 फरवरी से 1 मार्च तक होगा। इस दौरान 3 स्नान पर्व 16 फरवरी, 23 फरवरी एवं 1 मार्च को होगा। उन्होंने कहा कि कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए राजिम माघी पुन्नी मेला का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि मेले में श्रद्धालुओं की सहूलियत और सुरक्षा को देखते हुए व्यवस्थाएं पूर्ववत रहेंगें। बेरिकेडिंग, सुरक्षा और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएगी। मंत्री श्री साहू ने कहा कि लोगों की सुविधा के लिए पूर्व आयोजन की तरह सड़क, शौचालय, बिजली, पानी, स्वास्थ्य सफाई आदि की व्यवस्था की जाएगी।

इसी तरह अन्य विभागों को भी उनके कार्य के अनुरूप जिम्मेदारी दी गई है। लोक निर्माण विभाग को सड़कें चौड़ा करने, जल संसाधन विभाग को संगम और कुंड की तैयारी करने, वन विभाग को बांस बल्ली, पीएचई विभाग को पेयजल, शौचालय और अन्य संबंधित विभागों को उसके पूर्व अनुसार तैयारी करने के निर्देश दिए गए हैं। विभागों को निर्देशों को तत्काल अमल में लाने को कहा गया है। मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू ने गरियाबंद जिले के कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी को इस संबंध में आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्थानीय समिति को प्रथमिकता दी जाएगी। यहां पर राज्य स्तर के कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। इसके लिए मुख्य मंच के अलावा एक और स्टेज कुलेश्वर मंदिर के पास बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बार मेले में स्थानीय संत महात्माओं को आमंत्रण दिया जाएगा। मेला के दौरान जनप्रतिनिधियों और नागरिकों के सुझाव को भी महत्व देते हुए तदानुसार आयोजन सुनिश्चित किया जाएगा।

बैठक में प्रभारी मंत्री श्री भगत ने कहा कि विभाग द्वारा राजिम पुन्नी मेला के आयोजन में जो भी मदद की आवश्यकता होगी, दी जाएगी। उन्होंने इस संबंध में सभी आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभागीय योजनाओं की जानकारी स्टाल लगाकर दी जाएगी।

राजिम विधायक श्री अमितेश शुक्ल ने कहा की मेले में साफसफाई की व्यवस्था पुख्ता हो तथा राजिम के आसपास जमीनों में हुए बेजा कब्जा को हटाया जाए। श्री शुक्ल ने कहा कि श्रद्धालुओं के लिए तीन स्थानों पर कम से कम दाल भात सेंटर की व्यवस्था की जाए। उन्होंने स्थानीय स्तर पर निगरानी समिति गठित करने के साथ ही स्थानीय कलाकार और अन्य जनप्रतिनिधियों को पुरस्कार हेतु विशेष तौर पर महत्त्व देने का सुझाव दिया। कलेक्टर नम्रता गांधी ने राजिम माघी पुन्नी मेला से संबंधित प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि गरिमा के अनुरूप मेले के आयोजन सुनिश्चित किया जाएगा।

इस दौरान मौजूद नागरिकों और पत्रकारों ने भी आवश्यक सुझाव रखें। बैठक में केन्द्रीय समिति के सदस्य, राजिम नगर पंचायत के अध्यक्ष श्रीमती रेखा सोनकर, गोबरा नवापारा पालिका के अध्यक्ष धनराज मध्यानी, जनपद पंचायत फिंगेश्वर के अध्यक्ष पुष्पा साहू, जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी साहू, स्थानीय जनप्रतिनिधि, कलेक्टर गरियाबंद नम्रता गांधी, पुलिस अधीक्षक जेआर ठाकुर, जिला पंचायत सीईओ रोक्तिमा यादव, अधिकारी, गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

एनटीपीसी परीक्षा छात्रों पर लाठी चार्ज के खिलाफ एनएसयूआई का उग्र प्रदर्शन

- **छात्र हित में खड़े है, खड़े थे और खड़े रहेंगें**
- **पुलिस की लाठियां व जेल की सलाखों से छात्र क्रांति की यह आवाज दबने वाली नहीं है**

रायपुर। एनटीपीसी परीक्षा के छात्रों पर लाठीचार्ज के खिलाफ पूरे देश मे छात्रहित मे एनएसयूआई प्रदर्शन कर रही हैं। एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय नीरज कुंदन के आव्हान पर शनिवार को रायपुर रेलवे स्टेशन में एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। एनएसयूआई ने मांग किया की -

ऽ एनटीपीसी का संशोधित परिणाम जारी किया।

ऽ ग्रुप D परीक्षा में CBT 2 जल्द से जल्द हटाई जाएं।

ऽ NEET PG परीक्षा तुरंत स्थगित की जाए।

ऽ सभी छात्रों को काम्पीटिशन परीक्षा मे अतिरिक्त अवसर मिलें।

अगर यहाँ मांग नहीं माना जाता है तो पूरे देशभर के एनएसयूआई के छात्र दिल्ली मे उग्र आंदोलन करेगें।

एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय ने कहा की जिस प्रकार से केंद्र की मोदी सरकार देश के छात्रों के साथ दुर्व्यवहार कर रही है उसको लेकर आज हमारे केंद्रीय नेतृत्व के आदेश पर पूरे देश में एनएसयूआई ने रेलवे स्टेशन पर जाकर केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ अपना विरोध प्रदर्शन किया और हम पुलिस की लाठियां व जेल की सलाखों से छात्र क्रांति की यह आवाज दबने वाली नहीं है।

दूसरे के खाते में धान खपाते 2 पकड़ाए, 188 बोरा धान जब्त

भाटापारा/नवप्रदेश। दूसरे किसानों के खाते में धान खपाते हुए दो लोगों को सहकारिता निरीक्षक ने पकड़ा है। पकड़े गए लोगों के पास से 188 बोरा सरना धान जब्त किया गया है। मामला खैरा धान खरीदी केंद्र का है। सहकारिता इंस्पेक्टर ने प्रकरण बनाकर कलेक्टर को सौंप दिया है। राज्य सरकार ने धान खरीदी की समय-सीमा एक सप्ताह बढ़ाई है। इसी का फायदा उठाते हुए बिचौलिए अवैध धान खपाने दूसरे किसानों के खाते में खपाने का प्रयास कर रहे हैं और ऐसे ही लोगों की इन हरकतों से असली किसान का धान समय पर नहीं बेच पाते। जिसके कारण उन्हें मजबूरन नजदीक की मंडियों में या कम रेट पर अपनी उपज व्यापारियों के पास बेचने मजबूर होना पड़ता था। गुरुवार को ग्राम खैरा निपनिया स्थित धान खरीदी केंद्र का नियमित निरीक्षण के दौरान सहकारिता निरीक्षक अमरनाथ राठौड़ ने किसान तुलसीराम ध्रुव के खाते में ग्राम कुकुरदी के लखनलाल एवं ग्राम बेमेतरा तहसील बलौदा बाजार के किसान पूनाराम द्वारा वाहन क्रमांक सीजी-22-आर 3323 में कुल 188 कट्टा सरना धान खपाने के उद्देश्य से लाया था जिसे निरीक्षण के दौरान पूछताछ करने पर ग्राम कुकुरदी एवं ग्राम बेमेतरा का होना बताया गया। दूसरे स्थान का धान होने की स्वीकार्यता के पश्चात सीईओ सहकारिता विख भाटापारा द्वारा धान को जब्त कर धान खरीदी केंद्र प्रभारी को सुपुर्दनामा में सौंप कर पूरे मामले में अपनी रिपोर्ट बनाकर कलेक्टर को प्रेषित कर दी है।

राज्यपाल ने लगवाया कोविड-19 वैक्सीन का प्रीकॉशन डोज

रायपुर। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने आज राजभवन में कोविड-19 वैक्सीन का प्रीकॉशन डोज (बूस्टर) लगवाया। उन्होंने सभी लोगों से कोरोना

से बचाव के लिए पात्रतानुसार प्रीकॉशन डोज लगवाने, 15 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों और सभी पात्र नागरिकों को वैक्सीन लगवाने की अपील की। उन्होंने कहा कि कोविड-19 से बचाव के लिए वैक्सीन महत्वपूर्ण हथियार है। इसके अलावा सभी को कोविड प्रोटोकॉल का पालन अनिवार्य रूप से करना चाहिए। इस अवसर पर रायपुर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्रीमती मीरा बघेल और डॉ. रूपल पुरोहित उपस्थित थे।

राज्यपाल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया

रायपुर। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें नमन किया है। राज्यपाल ने कहा है कि महात्मा गांधी ने मातृभूमि की सेवा के लिए सर्वस्व अर्पित कर दिया। उनके आदर्श एवं विचार देश सहित पूरी दुनिया के लिए आज भी प्रासंगिक हैं। हमें उनके आदर्शों को अपने व्यवहार एवं आचरण में उतारने की जरूरत है।

50 प्रतिशत कर्मचारियों की होगी उपस्थिति

रायपुर। मंत्रालय (महानदी भवन) एवं विभागाध्यक्ष कार्यालय (इंद्रावती भवन) में 31 जनवरी से तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के 50 प्रतिशत कर्मचारियों की उपस्थिति के निर्देश जारी कर दिए गए है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी निर्देश के अनुसार अनुभाग अधिकारी एवं उनसे वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति शत-प्रतिशत रहेगी। तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के 50 प्रतिशत कर्मचारियों की रोस्टर के अनुसार ड्यूटी लगायी जाएगी। मंत्रालय (महानदी भवन) एवं विभागाध्यक्ष कार्यालय (इंद्रावती भवन) में समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए फेस मॉस्क अनिवार्य किया गया है। कोविड-19 के संक्रमण को देखते हुए महानदी भवन एवं इंद्रावती भवन में बाहरी व्यक्तियों का प्रवेश प्रतिबंधित किया गया है।

महिला बाल विकास विभाग में कार्यरत कर्मचारियों को समयमान वेतन का मिला लाभ

रायपुर। कलेक्टर सौरभ कुमार ने कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास अंतर्गत कार्यरत 22 कर्मचारियों को समयमान वेतन की स्वीकृति जिला स्तरीय समिति की अनुशंसा पर किया है, जिससे सभी कर्मचारियों में अत्यंत हर्ष व्याप्त है। सभी कर्मचारियों ने माननीय मंत्री, महिला एवं बाल विकास के साथ-साथ सचिव, महिला एवं बाल विकास , संचालक, महिला एवं बाल विकास तथा जिला कलेक्टर रायपुर को धन्यवाद देते हुये आभार व्यक्त किया है। विभागीय कार्यों तथा जिला प्रशासन के अन्य कार्यों में उक्त कर्मचारियों द्वारा पूरी निष्ठा से सहयोग प्रदाय किया जाता रहा है।समय-समय पर शासन के निर्देश अनुरूप वर्षो से समयमान वेतन का लाभ नहीं मिलने के कारण मुख्यमंत्री तथा विभागीय अधिकारियों के समक्ष ज्ञापन प्रस्तुत कर समयमान वेतन की मांग की गई थी।कलेक्टर द्वारा इन्हें समयमान वेतन दिये जाने के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन गोपाल वर्मा, अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में किया गया था, जिसमें जिला कोषालय अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी तथा बाल विकास परियोजना अधिकारी सदस्य थे एवं समिति का सचिव, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास को बनाया गया था।

नई राजधानी के किसानों की समस्या रमन सरकार की देन

- **छल, कपट, जुमला, वादाखिलाफी और गलतबयानी ही भाजपा का राजनैतिक चरित्र है**

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि 2006 और 2013 में पुनर्वास योजना के नाम पर रमन सिंह की सरकार ने नई राजधानी के किसानों को लगातार ठगा है। आपसी सहमति से तय किए गए पुनर्वास योजना को यदि ईमानदारी से लागू किया गया होता तो आज किसानों को आंदोलन नहीं करना पड़ता। पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के समय नए रायपुर के किसान लगातार आंदोलनरत रहे, दिल्ली तक पदयात्रा की पर तत्कालीन रमन सरकार के कान में जूं तक नहीं रेंगा, आज यही भाजपाई बेशर्मी से तथ्यहीन आरोप लगाकर घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार किसानों की मांगों को लेकर बेहद गंभीर है, संवेदनशील है। रमन सरकार के दौरान नई राजधानी के किसानों से हुए अन्याय और अत्याचार की समीक्षा करने तथा किसानों की मांग पर चर्चा के लिए तीन वरिष्ठ कैबिनेट मंत्रियों की कमेटी गठित किया गया है। कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, वन, आवास एवं पर्यावरण मंत्री मोहम्मद अकबर और नगरीय निकाय मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया नई राजधानी क्षेत्र में 42 गांव के प्रभावित किसानों, किसान नेता और स्थानीय जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर उचित निर्णय लेंगे। नवा रायपुर के किसानों की समस्या, रमन सरकार के छल, कपट, जुमला और वादाखिलाफी का ही प्रमाण है।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि नवा रायपुर के आंदोलनरत किसानों की ज्यादातर मांगे पूर्ववर्ती रमन सरकार के दौरान 2006 और 2013 में तय किए गए पुनर्वास योजना के तहत आपसी सहमति के बाद रमन सरकार द्वारा किए गए छल, कपट के खिलाफ़ है। रमन सरकार के कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार के चलते 14,000 करोड़ से अधिक की राशि बिना बसाहट के केवल रोड रास्तों में फूंका गया, कमर्शियल कांप्लेक्स जैसे निर्माण में लागत 5 गुना बताई गई, दो-दो मंजिल के बिल्डिंग में 4-4 लिफ्ट लगाते रहे पर किसानों को भुगतान के लिए हमेशा कोताही बरती गई। रमन सरकार ने 2011 से एनआरडीए का ऑडिट नहीं करवाया था जिसके कारण सीएजी की आपत्ति पर कई तरह के भुगतान पर रोक लगी है लेकिन अब कांग्रेस सरकार में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ऑडिट की प्रक्रिया को आरंभ कर दिया है।

निकाय चुनाव में हार की शर्म से पुरंदेश्वरी नहीं आई छग : धनंजय

रायपुर (नवप्रदेश)। भाजपा की कार्यसमिति की बैठक में भाजपा प्रभारी डी पुरंदेश्वरी और नितिन नवीन के नहीं आने पर कांग्रेस ने तंज कसा। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि निकाय चुनाव में हार की शर्म से पुरंदेश्वरी नहीं आई। बस्तर के चिंतन शिविर में डी पुरंदेश्वरी ने छत्तीसगढ़ के ढाई करोड़ जनता के विश्वास प्राप्त मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार के ऊपर भाजपा कार्यकर्ताओं को थूकने का प्रेरित किया था। इसका करारा जवाब छत्तीसगढ़ के 15 निकाय के चुनाव में जनता ने भाजपा को हरा कर दे दिया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार के 3 साल के कार्यकाल के बाद छत्तीसगढ़ में भाजपा मुद्दाविहीन हो चुकी है। मुद्दों के दिवालियापन के दौर से गुजर रही है। डी पुरंदेश्वरी और भाजपा के नेता छत्तीसगढ़ की शांत धरा को अशांत करने के लिए धर्म से धर्म को लड़ा कर, जाति से

जाति को लड़ा कर वैमनस्यता फ़ैलाने रणनीति बनाई थी। उस पर मुंह की खानी पड़ी है।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा प्रदेश प्रभारी डी पुरंदेश्वरी के नेतृत्व में नगरीय निकाय चुनाव लड़ी और चारो खाना चित्त हो गई। 15 निकायों के चुनाव में भाजपा की करारी हार हुई। डी पुरंदेश्वरी जो बड़ी-बड़ी दावा कर रही थी खुद को हंटर वाला बता रही थी उसके हंटर से पूर्व के रमन सरकार के कमीशनखोर मोटी चमड़ी वाले भाजपा नेताओं पर कोई फर्क नही पड़ा। डी पुरंदेश्वरी इस बात को भूल गई की राज्य निर्माण के वक्त भाजपा के नेताप्रतिपक्ष चुनने आए प्रभारी को एकात्म परिसर में भाजपा नेताओं के गुंडागर्दी से बचने टेबल के नीचे छिपकर अपनी जान बचाना पड़ा था। ऐसे मोटी चमड़ी वाले मठाधीश नेताओं के आगे डी पुरंदेश्वरी का हंटर भी कोई काम का नहीं रहा।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि छत्तीसगढ़ भाजपा के नेता हमेशा से छत्तीसगढ़ विरोधी कृत्यों में लगे हुए हैं। मोदी सरकार के द्वारा छत्तीसगढ़ के साथ जो भेदभाव किया जा रहा है सौतेला व्यवहार की जा रही हैं उस पर मौन हैं और छत्तीसगढ़ की जनता भाजपा के प्रदेश प्रभारी डी पुरंदेश्वरी उनके केंद्रीय नेता और छत्तीसगढ़ भाजपा नेताओं के चरित्र को पहचान चुकी है। ऐसे में नगरीय निकाय चुनाव में मिली करारी हार के बाद भाजपा के प्रदेश प्रभारी डी पुरंदेश्वरी जो छत्तीसगढ़ के सरकार को थूकने कर बहा देने का दावा कर रही थी वह किस मुंह से छत्तीसगढ़ आएंगी।

अवैध कारोबार पर सख्ती से भाजपा तिलमिला क्यों जाती है: कांग्रेस

रायपुर (नवप्रदेश)। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा अवैध रेत उत्खनन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश देने का स्वागत करते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री के सख्त निर्देश के बाद प्रदेश में रेत खदानों पर भर्राशाही चलानों वालों पर लगाम लगेगी। इससे राज्य के राजस्व में हो रही चोरी में भी लगाम लगेगी। रेतमाफ़िया पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सख्ती से भाजपाई बेचैन हो गई है। गैर कानूनी काम करने वालों पर जब-जब मुख्यमंत्री सख्ती करते है तब भाजपा तिलमिला क्यों जाती है? जब ड्रग माफिया पर कार्यवाही हुई थी तब भी भाजपा ने आपत्ति जताया था। जब हुक्का बार पर प्रतिबंध लगाया गया कड़े कानून बनाया गया तब भी भाजपा ने विरोध किया था? अपराधियों और माफियाओं पर अंकुश लगाने उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही से भाजपा परेशान क्यों हो जाती है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनाने के बाद से ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रेत के अवैध उत्खन्न को प्रतिबंधित करने का आदेश दिया था तथा प्रदेश की रेत खदानों को छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अधीन किया गया इससे रेत उत्खन्न से राज्य के राजस्व में बढ़ोत्तरी हुयी। दूरस्थ क्षेत्रों में कहीं-कहीं पर चोरी हुये हो रहे अवैध उत्खन्न को रोकने के लिये मुख्यमंत्री आदेश का व्यापक प्रभाव होगा।

गुलाब बाबा फाउंडेशन और उत्कल महिला महामंच ने जन-जागरूकता अभियान चलाया

रायपुर। जिला प्रशासन, रायपुर के मार्गदर्शन पर गुलाब बाबा फाउंडेशन और उत्कल महिला महामंच ने संतोषी नगर क्षेत्र के झुग्गी बस्तियों का भ्रमण कर सभी को टीका लगवाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान मास्क लगाने और वैक्सीन के दोनों डोज़ अनिवार्य रूप से लगवाने हेतु लोगों से अपील की गई। साथ ही जरूरतमंदों को मेडिसिन किट के साथ मास्क भी वितरित किया गया। इसके साथ ही कोरोना संक्रमण की स्थिति में जिला प्रशासन के कंट्रोल रूम नम्बर- 07712445785, 7880100331, 7880100332 पर जानकारी देने एवं होम आइसोलेशन पोर्टल के लिंक http://homeisolation.cgcovid19.in पर पंजीयन कर स्वास्थ्य संबंधी आपातकालीन सहायता का लाभ उठाने लोगों को प्रेरित किया गया। इस दौरान संस्था प्रमुख श्रीमती सावित्री जगत, हेमा सागर, पिंकी निहाल, गौतम मेश्राम और आशा अरोड़ा आदि उपस्थित रहीं।

'सेवाटोली आस एक प्रयास' की टीम ने रायपुर रेलवे स्टेशन में यात्रियों को दिया कोरोना से बचाव का संदेश

रायपुर। जिला प्रशासन, रायपुर के मार्गदर्शन पर कोरोना संक्रमण के रोकथाम हेतु शहरभर में स्वयं सेवी एवं समाज सेवी संस्थाएं जन-जागरूकता अभियान संचालित कर रही हैं। आज संस्था ÷सेवाटोली आस एक प्रयास÷ रेलवे स्टेशन में भ्रमण कर जन-जागरूकता अभियान के तहत यात्रियों को टीका लगवाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान मास्क लगाने और वैक्सीन के दोनों डोज़ अनिवार्य रूप से लगवाने हेतु लोगों से अपील की गई। सेनिटाइजर का उपयोग नियमित रूप से करने एवं उचित दूरी बनाए रखने हेतु भी प्रेरित किया गया। इस दौरान संस्था सेवाटोली के प्रमुख श्री सुरेन्द्र बैरागी के साथ श्री त्रिलोचन साहू, श्री रविप्रकाश गुप्ता, श्री राव, श्री नारायण वैष्णव, श्री गुरुचरण, श्री नारायण हेमनानी के अलावा अन्य सदस्य उपस्थित रहे.

आयोजन — कालीबाड़ी स्थित जिला अस्पताल परिसर सखी वन स्टॉप सेंटर में आयोजित किया गया

12 परिवारों को युवा विकास मंडल ने किया राशन सपोर्ट

रायपुर। नगर के कालीबाड़ी स्थित जिला अस्पताल परिसर सखी वन स्टॉप सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में 12 परिवारों को राशन सपोर्ट किया गया। यह राशन सपोर्ट युवा विकास मंडल ने मैत्री नेटवर्क के सहयोग किया है। यह सहयोग उन परिवारों और लोगों को किया गया जो अतिवंचित, घरेलु हिंसा और यौन हिंसा से पीड़ित हैं। राशन वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में सखी वन स्टॉप सेंटर की संरक्षण अधिकारी अल्केशवरी सोनी, विशेष अतिथि के रुप में सखी वन स्टाप सेंटर की केंद्र प्रभारी प्रीति पांडेय मौजूद रही। रायपुर मैत्री नेटवर्क की कार्यक्रम समन्वयक एकता भदौरिया ने बताया कि युवा विकास मंडल के निदेशक राजेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम सुबह ग्यारह बजे शुरु हुआ जो शाम चार बजे तक चला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में सखी वन स्टॉप सेंटर की संरक्षण अधिकारी श्रीमती अल्केशवरी सोनी, विशेष अतिथि के रुप में सखी वन स्टाप सेंटर की प्रभारी प्रीति पांडेय और इनके अलावा काउंसलर डॉ नीति सिंह, एएनएम एस मुखर्जी, केस वर्कर नीतू पांडे, ललिता कोलाहे, सामाजिक कार्यकर्ता सावित्री जगत एवं सरवायवर मौजूद थे। एकता भदौरिया ने बताया कि राशन किट में दो किलो शक्कर, 20 किलो चावल, दाल दो किलो, तेल दो लीटर, आटा दस किलो, नमक हल्दी, मिर्ची, चायपत्ती, नहाने और कपड़े का साबुन, सैनिटाइजर, मास्क, सेनेटरी पैड आदि सामग्री शामिल हैं। जिले में महिलाओं और बालिकाओं पर हो रही हिंसा की रोकथाम और उन्हें जागरुक करने का कार्य युवा विकास मंडल द्वारा किया जा रहा है। इसके साथ संस्था अतिवंचित और गरीब लोगों को राशन सपोर्ट भी कर रही है। संस्था द्वारा किया जा रहा यह कार्य बहुत ही उल्लेखनीय है ढ्ढ इस अवसर पर एकता भदौरिया ने संस्था के बारे बताते हुए कहा कि संस्था जिले में महिलाओं और बालिकाओं पर हो रही हिंसा की रोकथाम, हिंसा से पीड़ित महिलाओं को मदद करने और उन्हें न्याय दिलाने का कार्य कर रही है। संस्था द्वारा ऐसी हिंसा की शिकार महिलाओं को राशन सपोर्ट भी करती है कानून की जानकारी भी देती है। इसके साथ ही संस्था द्वारा किए जा रहे अन्य कार्यों की भी जानकारी दी।

गांधी जी ने देश के लिए जो किया वह देश सदियों तक याद रखेगा

गांधी जी के विचार देते हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा

स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख नायक मोहनदास करमचंद गांधी

भारत की स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख नायक मोहनदास करमचंद गांधी की मृत्यु 30 जनवरी 1948 को हुई थी। देश इस साल गांधी जी की 74वीं पुण्यतिथि मना रहा है। गांधी जी ने देश के लिए जो किया वह देश सदियों तक याद रखेगा। उनके आदर्शों, अहिंसा की प्रेरणा, सत्य की ताकत ने अंग्रेजों को भी झुकने को मजबूर कर दिया। उनके इसी योगदान के कारण गांधीजी आज महात्मा गांधी के नाम से जाने जाते हैं। कोई उन्हें बापू तो कोई राष्ट्रपिता कहता है। 2 अक्टूबर 1869 को गुजरात के पोरबंदर में पुतलीबाई और करमचंद गांधी के घर में जन्मा एक बालक जिसने बचपन में मां के धार्मिक व्यवहार और संस्कारों को ग्रहण किया, वह आगे चलकर देश का राष्ट्रपिता बन गया। 30 जनवरी 1948 का दिन देश के इत?हास का वो काला दिन है जब अंहिसा की प्रतिमूर्ति राष?ट्रप?ता महात?मा गांधी की हत?या हुई. आज भी जब गांधी की हत्या का जिक्र आता है तो हमारे जेहन में कोई नाम या तस्वीर आती है वो सिर्फ और सिर्फ नाथूराम गोडसे की होती है. लेकिन आपको बता दें कि 30 जनवरी 1948 को हुई वह वारदात कोई आम नहीं थी.



गांधी हर दौर में प्रासंगिक रहेंगे

डॉ. संजय शुक्ला

महात्मा गांधी ही एकमात्र ऐसे विरले व्यक्तित्व हैं जो अपनी मृत्यु के सात दशकों के बाद आज भी पूरी दुनिया के लिए प्रासंगिक हैं। वर्तमान परिवेश में जब विश्व समुदाय महामारी, धार्मिक आतंकवाद, अशांति, युद्ध, गरीबी, भुखमरी और बेरोजगारी जैसी स्थितियों का सामना कर रही है तब दुनिया को गांधी और उनके विचारों के साथ चलने की जरुरत उनके दौर से ज्यादा आज है। शायद इसीलिए महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन ने कहा था 卐 घोर नैतिक पतन के हमारे समय में गांधी अकेले सच्चे राजनेता थे जो हमारे राजनैतिक दायरे में उच्चतर मानव संबंधों के हक में खड़े हुए। आने वाली पीढ़ियां मुश्किल से ही यकीन कर पाएंगी कि हाड़-मांस का ऐसा एक शख्स कभी धरती पर चला था।卐 निःसंदेह आइंस्टीन का यह कथन सच साबित हो रहा है। गांधी एक कहानी नहीं बल्कि हकीकत हैं तथा 135 करोड़ आबादी वाले भारत के वैश्विक पहचान भी हैं। भारत के प्रवास पर आने वाले दुनिया भर के राष्ट्राध्यक्षों और अतिमहत्वपूर्ण शख्सियतों और देशवासियों के लिए दिल्ली के राजघाट स्थित गांधी की समाधि राजनैतिक तीर्थ है। गांधी भले ही 18 वीं सदी के भारत में जन्मे दुनिया के महान व्यक्ति थे लेकिन 20 वीं सदी में अल्बर्ट आइंस्टीन, मार्टिन लूथर किंग जूनियर, नेल्सन मंडेला, दलाईलामा, मदर टेरेसा, मिखाइल गोर्बाचेव, अल्बर्ट श्वाइट्जर,आंग सान शू ली,लेख वालेसा आदि प्रभावशाली लोगों ने अपने-अपने देश और क्षेत्र में गांधी के विचारधारा और अहिंसा को अपनाकर अनेक महत्वपूर्ण परिवर्तन किए।

बहरहाल गांधी के विचारों और दर्शन को समय और देश की सीमाओं में बांधा नहीं जा सकता, उनके विचार और दर्शन आपदा, महामारी,युद्ध और शांति हर काल में प्रासंगिक हैं। शायद इसीलिये वे दुनियाभर के लिए 卐महात्मा卐 हैं।हालिया दौर में जब हम महात्मा गांधी की जन्मदिन मना रहे हैं तब दुनिया वैश्विक महामारी कोरोना की त्रासदी से जूझ रहा है लेकिन महामारी पर गांधी के विचार कोरोनाकाल में भी प्रासंगिक हैं।गौरतलब है कि 1918 से लेकर 1920 तक चली वैश्विक महामारी स्पेनिश फ्लू का शिकार स्वयं गांधी हुए थे तब वे संयम, एकांतवास और हल्का व पौष्टिक भोजन अपनाकर स्वस्थ हुए थे। स्पेनिश फ्लू ने भी कोरोना महामारी जैसा ही कहर बरपाया था इस फ्लू से भारत में पौने दो करोड़ लोगों की मौतें हुई थी तथा लोगों में अफरातफरी का आलम था तब गांधी ने जनता को वैयक्तिक और सामुदायिक स्वच्छता, आत्मबल मजबूत रखने,संतुलित आहार, व्यवसायिक, सामाजिक और नैतिक शुचिता कायम रखने की सीख दिया था। गांधी का संदेश था कि 卐हम ठोकर खा सकते हैं, गिर सकते हैं लेकिन फिर उठेंगे, यह काफी होना चाहिये कि हम मैदान छोड़कर भागे नहीं।卐 निःसंदेह उनके यह विचार समूचे मानव समाज के लिए हर विपत्ति और आपदा में संघर्ष के लिए साकारात्मक ऊर्जा देने वाला है जिसकी वर्तमान आपदाकाल में भी सर्वाधिक जरूरत है।

कोरोना महामारी के संक्रमण पर विचार करें तो दुनिया के तमाम चिकित्सा विशेषज्ञों एवं महामारी विशेषज्ञों ने साबित किया है कि इस संक्रमण के प्रसार के लिए मुख्यतौर पर व्यक्ति की कमजोर रोगप्रतिरोधक क्षमता और सामुदायिक संपर्क ही जिम्मेदार है। गांधी अपने जीवन में कई बार गंभीर बीमारियों के चपेट में आए और अपने अनुशासन और आत्मबल से स्वस्थ भी हुए, वे अपने जीवन में संतुलित आहार, नियंत्रित दिनचर्चा, नियमित व्यायाम,ध्यान, आध्यात्म और प्रार्थना को काफी जोर देते थे। उन्होंने मूलमंत्र दिया था कि 卐स्वास्थ्य ही असली संपत्ति है, न कि सोने और चांदी के टुकड़े卐 गांधी लोगों को सेहतमंद रहने के लिए शाकाहार के साथ मन में सकारात्मक विचार रखने के लिए प्रेरित करते थे।बिलाशक गांधी के विचार और प्रेरणा व्यक्तिगत शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ा मसला है जिस पर इंसान की रोगप्रतिरोधक क्षमता निर्भर करती है।

गांधी नैसर्गिक यानि प्राकृतिक तथा स्वदेशी चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद को अपने निजी जीवन में अपनाते रहे हैं,कोरोना संक्रमण से बचाव और उपचार में आयुर्वेद, प्राकृतिक व योग चिकित्सा पद्धति की प्रभावी भूमिका से देश और दुनिया के लोग भलिभांति अवगत हैं। यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी कोरोना महामारी ने जहाँ लाखों जानें लीं हैं वहीं इस त्रासदी ने मानवता, सामाजिक और धार्मिक सद्भाव, सेवा व करूणा की भी परीक्षा ली है। महामारी ने सामाजिक और सांप्रदायिक तानेबाने को छिन्न भिन्न कर दिया है वहीं सदियों से चली आ रही पड़ोसी धर्म के रिश्ते को भी खंडित किया है। गौरतलब है कि गांधी ने प्लेग,स्पेनिश फ्लू और इंफ्लूएंजा जैसे महामारियों के दौरान लोगों की भरपूर सेवा की थी तब उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, भय मुक्ति, रूग्ण सेवा, धार्मिक व सामाजिक एकता, सामूहिकता, गलतियों को स्वीकार करने,आवश्यकता के अनुसार उपभोग, मितव्ययिता, प्रार्थना, आत्मनिर्भरता,स्वदेशी और ग्राम स्वराज के सिद्धांत दिए थे, निःसंदेह इन गांधीवादी सिद्धांतों की आज बेहद दरकार है। गांधी गांवों के स्वालंबन और कुटीर उद्योगों के सबसे बड़े पैरोकार थे उनके विचारों की सार्थकता इस आपदाकाल में दृष्टिगोचर हुई जब देश की अर्थव्यवस्था को इस दौर में गांवों ने गति दी।

अहिंसा और करूणा के प्रतीक महात्मा गांधी का व्यक्तित्व बहुआयामी और विशाल था जिसे शब्दों के बंधन में बांधना असंभव है। गांधी के सामाजिक और राजनीतिक विचार, धार्मिक स्वतंत्रता, सत्य,अहिंसा, स्वराज, सत्याग्रह, अनशन, असहयोग आंदोलन, ग्राम स्वराज, सर्वोदय,स्वदेशी, खादी, स्वच्छता, अस्पृश्यता निवारण, महिला शिक्षा और स्वालंबन, ग्रामोद्योग, हिंन्दू-मुस्लिम साम्प्रदायिक सद्भाव और एकता, पत्रकारिता, शिक्षा नीति, गौवध पर विचार नयी पीढ़ी के लिए उत्सुकता, शोध और अध्ययन का विषय है। देश के सियासत और समाज में बढ़ रही धार्मिक संकीर्णता और जातिगत भेदभाव की गर्मी के बीच धर्म पर बापू के विचार इस तपिश को कम करते हैं उनके अनुसार 卐मेरा धर्म सत्य और अहिंसा है, सत्य मेरा भगवान है और अहिंसा उसे पाने का साधन卐, वे जातिविहीन समाज के पैरोकार थे।गांधी जिन्होंने स्वयं एक विचारक और लेखक थे वे पत्रकारिता को एकमात्र सेवा का माध्यम मानते थे । वे मानते थे कि अखबारों के पास बड़ी शक्ति है लेकिन अनियंत्रित लेखनी बाढ़ की तरह विनाशकारी होता है वे पत्रकारिता के स्वनियमन के पक्षधर थे।बहरहाल भले ही गांधी के हाड़-मांस के देह को गोलियों से छलनी कर दिया गया हो लेकिन उनकी विचारधारा युगों-युगों तक विश्व समुदाय को प्रेरित करती रहेगी यानि गांधी हर कालखंड में प्रासंगिक रहेंगे।

आम जनता को निडर कर देना गांधी की

राजेश बहुगुणा

> गांधी की एक खूबी और है - वह है असहमतियों के बीच पुल बनाने की। गांधी के अनेक निर्णयों को लेकर पटेल, नेहरू, सुभाष, आजाद सभी उनके समय के कांग्रेसी नेता कभी न कभी सहमत नहीं रहे लेकिन गांधी ने इन असहमतियों के बीच भी चर्चा की खिड़की सदैव खोल के रखी जिससे गांधी से अलग कोई नहीं हो पाया। सुभाष पूरे विरोध के बावजूद भी गांधी को राष्ट्रपिता ही कहते हैं । यही राष्ट्रपिता गांधी की महत्ता है। जब तक नैतिकता, सत्य, सामाजिक सद्भाव, धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक समता के मूल्य राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित रहेंगे और जब तक निर्बल जनता की अपने अधिकारों के लिए विश्व के किसी भी स्थान पर ताक़तवर सत्ता के विरुद्ध लड़ाई चलती रहेगी, तब तक महात्मा गान्धी और उनके विचार इस धरा में प्रासंगिक बने रहेंगे।

30 जनवरी 2022 को महात्मा गांधी की शहादत को 74 वर्ष हो जाएंगे। अभी एक दो साल पहले ही हमने देखा है कि किस प्रकार एक महिला द्वारा गांधी की फोटो पर गोली चलाने का फोटो सोशल मिडिया में आया था । हालांकि वह मात्र एक नाटक था किंतु गांधी के देश में गांधी के फोटो के साथ ऐसा व्यवहार सोचने को विवश करता है कि क्या गांधी धीरे-धीरे अप्रासंगिक हो रहे हैं या गांधी अभी इतने प्रासंगिक हैं कि उनकी पुनः हत्या किया जाना कुछ लोगों की नजर में अब भी जरूरी है?

गांधी 20वीं सदी के विश्व इतिहास के सबसे महत्वपूर्ण व प्रमुख व्यक्ति रहे हैं और इसलिए गांधी के पक्ष और विपक्ष दोनों ही तरफपूरी ताकत से लिखा गया है। जहां गांधी के समर्थक उन्हें समस्त समस्याओं के हल के रूप में देखते हैं , वहाँ उनके विरोधी भी उनके विरोध में इतिहास के नए नए सच्चे झूठे तथ्य उनकी छवि को कमजोर करने के लिए नित ला रहे हैं । गांधी का समय ऐसा काल है जिसमें सभी कुछ दस्तावेजों के रूप में संग्रहीत है। हमें ध्यान रखना चाहिए कि गांधी के संबंध में अन्य व्यक्तियों, गांधी के सहकर्मियों और इतिहासकारों ने इतना लिखा हुआ है कि गांधी और उनका विचार दर्शन पूरी तरह स्पष्ट तथा पारदर्शी हो चुका है । गांधी के विरोध में सोशल मीडिया ज्ञान को सदैव इन दस्तावेजों से पुष्ट करना ही एक विवेकशील व्यक्ति से आज अपेक्षा है।

गांधी के लिए आजादी का अर्थ विदेशी शासन से मुक्त हो जाना मात्र नहीं था। गांधी की दृष्टि में आजादी के पश्चात भारत के नागरिक विशेष रूप से गांव के किसान चेतना से युक्त हों, गांधी उन्हें भूख और महामारियों से मुक्त भी देखना चाहते थे। पिछले वर्षों

में कोविड के दौरान सड़को पर सैकड़ों मील पैदल चलते गरीब और बेड व ऑक्सीजन के लिए भटकते गरीबों को देखकर सोचिये कि गांधी होते तो क्या करते।

आज़ादी से भी पहले उनके लिए जरूरी था कि सामाजिक सद्भाव और बराबरी कैसे स्थापित हो। कम्युनल अवार्ड घोषित होने के पश्चात गांधी द्वारा आमरण अनशन करने तथा सविनय अवज्ञा आंदोलन को स्थगित करने पर देश के उस समय के लगभग सभी नेता गांधी से सहमत नहीं थे किंतु गांधी का कहना था - क्या होगा वैसी स्वतंत्रता प्राप्त कर, जहां हिंसा हो, जहां असत्य हो, जहां नफरत हो , जहां सड़ान्ध भरे विचार हों, जहां एक भाई दूसरे भाई को अछूत मानता हो। गांधी के अनुसार यदि आजादी सांस लेना है तो समाज के सभी रचनात्मक कार्य प्राणवायु है। गांधी के विचारों से आजादी के 75 वर्ष के भारत को देखें। हम अभी भी अस्पृश्यता के कलंक को लिए हुए हैं । आज भी ऐसे इलाके हैं जहां अनुसूचित जाति के वर्ग के व्यक्ति को शादी में घोड़े पर बैठने या गांव में बड़ी जाति के इलाके में जूता पहनकर चलने या नीची जाति के लड़के की ऊंची जाति की लड़की के साथ विवाह पर निम्न जाति के लोगों की पिटाई, हत्या व दंगों की स्थिति बन जाती है। किसी अन्य देश में ऐसा होने पर यही दंगा करने वाले उस देश और समाज को जाहिल कहेंगे।

सुभाष चंद्र बोस ने गांधी की नीति को समग्रता में यह कहते हुए स्पष्ट किया कि उनकी नीति सबको मिलाने की रही । वह हिंदू और मुसलमानों को, ऊंची और नीची जाति वालों को , पूंजीपति और मजदूरों को तथा जमीदार और काश्तकार को मिलाना चाहते थे। अपनी मानवीय दृष्टि और घृणा से मुक्त स्वभाव के कारण वह अपने शत्रु के मन में भी सहानुभूति उत्पन्न करने में सफल रहे।

विश्व के सबसे ताकतवर राष्ट्र ब्रिटेन के सामने इतने बड़े देश में जहां गरीबी हो और समाज, धर्म और जाति में विभाजित हो, आजादी की लड़ाई हिंसा का सहारा लेकर न तो संभव थी और न ही व्यावहारिक। यह इस तथ्य से भी स्पष्ट होता है कि भगतसिंह की फांसी के बाद 2 -3 वर्षों के भीतर ही हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी विघटित और निष्क्रिय हो गयी थी।

कोई भी जनांदोलन जनता के समर्थन से ही सम्भव है । गांधी ने दक्षिण अफ्रीका में जो भी प्रयोग किए थे उनकी सफलता से आश्वस्त होकर चंपारण में भी उन्होंने देश में आकर पहला प्रयोग किया जो सफल रहा ।पहली बार आम जनता ब्रिटिश सरकार की कृषक विरोधी नीति के विरुद्ध एक नेता महात्मा गांधी के पीछे खड़ी थी। यह जनता गांधी के पीछे खड़ी ही क्यों हुई। अपनी आत्मकथा में डॉ राजेन्द्र प्रसाद ने लिखा है कि गांधी के चंपारण में जाने और नील किसानों की शिकायतों की जांच करने की घोषणा के साथ ही स्थानीय प्रशासन द्वारा प्रतिबंधात्मक कार्यवाही के आदेश जारी किए गए। यह स्पष्ट था कि गांधी यदि आदेश के विरोध में चंपारण जाएंगे तो गिरफ्तारी तय है। गांधी ने किसानों से पूछा कि मेरे जेल जाने पर आप लोग क्या करेंगे । सभी ने कहा कि हम आंदोलन जारी रखेंगे लेकिन जेल जाने की स्थिति में चंपारण छोड़ देंगे। गांधी ने कुछ नहीं कहा लेकिन नेताओं ने बाद में सोचा कि यह गुजरात से आया व्यक्ति हम लोगों के लिए जेल जाने को तैयार है लेकिन हम नहीं । फिर सभी ने गाँधी का साथ देने और आन्दोलन मे जेल जाने के लिए भी तैयार होने का निश्चय किया।गांधी को जब उन्होंने अपना निश्चय बाद में बताया तो गांधी ने कहा कि समझ लो अब मोर्चा फतह कर लिया।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

उम्र भर खोजती

उम्र भर खोजती रही मित्रता पर कोई अब बचा सखा ही नही फूल से दोस्ती मैं कर बैठी पेड़ पे कोई अब लता ही नही खोयी खोयी सी फिजायें थी सारी मगर बागबां की कोई खता ही नही क्यूँ मैं दूर अब इतनी आ पहुँची कैसे क्यों रूक गई पता ही नहीं दिल लगाने से बाज़ आऊँ ना ऐसा उजड़ी की घर बसा ही नहीं प्यास अपनी बढ़ाती रहती हूँ कब मिलो अब तो लालसा ही नहीं।

\- डा. मधु त्रिवेदी

जहां प्रजा का

जहां प्रजा का एक बड़ा हिस्सा मुर्ख हो तो वहां का राजा अपनी असफलता का उत्सव को भी बडी शान से मना लेता है।...... मैंने ये कही पढ़ा है लेकिन मेरे मन मे यह प्रश्न उठता है कि वह मुर्ख राजा मुर्ख प्रजा के रहते असफल कैसे हो सकता है?

\- रमेश वर्मा

ख़ास पाती | गये लूट कर जो खज़ाना खुशी

गये लूट कर जो खज़ाना खुशी का भला क्यों वो देंगे पता जिंदगी का उलझ के रहा है बसर जुस्तजू मे शहर भी अधूरा मिला रौशनी का सफ़र पानियों का नही इतना आसाँ कि साहिल भी तकते है रस्ता नदी का रोटी से जियादा है महंगे खिलौने ग़रीबो का बचपन भी है बेबसी का दिलों से है क़ायम वजूदें मुहब्बत वफ़ा तय करे है सफ़र आशिक़ी का हो फिक्र गुलशन गुलो की हिफाज़त समर आयेगा तब सनम बन्दगी का सनद है परिंदों की फ़ीरोज़ उड़ाने नही बदगुमां कोई ताईर खुदी का जली जब भी बस्ती जला उसमें बचपन निकलता रहा बस धुँआ आदमी का पिलाते है बादल ही सुख-दुख को पानी इन्हीं से है आंखे घराना नमी का। - **विवेक बादल बाज़पुरी**

जान मारल अगर राऊर फितरत

जान देहला के हमरो फसाना रहे का बा काबा इहां जे कहत जात बा ओकरा हाथे के खंजर दीवाना रहे रोवे के साथ ओकरा रहल बेटहल आंख में किरकिरी त बहाना रहे केहू बाटे न होई ओ फक्कड़ नियन जेकरा गोड़वा के धोवन ज़माना रहे बकरी तू खेत जोगा के त चरल कर जब सजईबू तब कहबू पता ना रहे जोगी रंग में रंगाईल शहर खुशनुमां ना त टीपुन से आजिज जमाना रहे चाकरी जे करे मन के सरदार बा बेखुदी में खुदा भी खुदा ना रहे उनका मूरत पर हरदम लोभाईल रहे जेकरा घर बार के ना ठिकाना रहे। - नरेंद्र पाण्डेय

जिंदगी का हर खेल भी,मुकद्दर का

जिंदगी का हर खेल भी,मुकद्दर का ही खेल हैं किसी मिलता एक,तो किसी का छै से मेल हैं जीत के तो होते हैं,बहुत से गणित हाथों में नही,रेखाएं मुकद्दर की, ईमानदारी से हारना भी एक जीत हैं।

\-शत्रुंजय तिवारी

जैसे ही मैंने खुद से प्रेम करना

जैसे ही मैंने खुद से प्रेम करना शुरू किया मै खुद को आजाद करती चली गयी। उन सब चीजो से जो मेरे लिए, मेरी सेहत के लिए अच्छी नही थी लोग,चीजे सिचुएशन और हर वो चीज जिसने मुझे नीचे गिराया। मुझे खुद से दूर किया मैंने उन सब से खुद को आजाद किया। मैंने पहली बार इस एटीट्यूट को हेल्दी इगोइज़्म कहा। लेकिन आज में जानती हूँ इसे,त्तखुदकोप्यार करना कहते है।

\- **हेमा पाण्डेय**

प्यार सदैव जीवित रहता है, कभी उसी चाहत वाले मूल रूप में..

प्यार सदैव जीवित रहता है, कभी उसी चाहत वाले मूल रूप में.. कभी यादों के रूप में.. कभी उन यादों को दबाने की कोशिश के रूप में.. कभी नफरत के रूप में.. वह बस अपना रूप बदलता है पर जीवित रहता है हमेशा.. हमेशा, किसी न किसी रूप में वह अपना अस्तित्व बचाए रखता है। - **मिनाक्षी सिंह**

कोई चेहरा नही होता, कोई भी रूप नही होता फिर भी न जाने क्यों

कोई चेहरा नही होता, कोई भी रूप नही होता फिर भी न जाने क्यों ए दर्द! तुझसे भयानक कोई स्वरूप नही होता। शायद परिणति कोई है या कर्मगति होगी कोई आह के सिलसिलों पे जो मिलने लगी वाहवाही जितना समझना चाहा बस मिली ही है निराशा शायद इसी वजह से ही बढ़े जीवन में हताशा। नसीब में लिखा हुआ हो कोई अनचाहा फसाना तभी तो शायद ए दर्द! लगे अब तू हरदम सुहाना।

\- **सीमा भाटिया**

QUIZ TIME

1) गुगा नाम से किस भारतीय खिलाड़ी को जाना जाता है?
2) राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज की स्थापना की संस्तुति किस समिति के द्वारा किया गया है?
3) लद्दाख की प्रसिद्व घाटी, जो हेमिस राष्ट्रीय उद्यान हेतु मार्ग उपलब्ध कराती है-
4) मुल्क-ए-खादिम के नाम से किसे जाना जाता है?
5) इन्टीग्रेटेड सर्किट चिप का विकास किसने किया था?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) गीत सेठी (2) फेरवानी समिति द्वारा (3) मारखा घाटी (4) मराठा साम्राज्य (5) जे.एस.किल्बी

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1530 - मेवाड़ के राणा संग्राम सिंह का निधन। 1649 - इंग्लैंड के सम्राट 'चार्ल्स प्रथम' का सिर कलम किया गया। 1790 - पहली लाइफबोट को टायन नदी में उतारा गया। 1889 - प्रसिद्ध हिन्दी साहित्यकार जयशंकर प्रसाद का जन्म। 1903 - लॉर्ड कर्जन ने कोलकाता (तत्कालीन कलकत्ता) के मेटकॉफ हॉल में 'इंपीरियल लाइब्रेरी' का उद्घाटन किया।1910 - भारतीय राजनेता, वकील और पूर्व रक्षा मंत्री चिदंबरम सुब्रमण्यम का जन्म। 1911 - 'कैनेडियन नेवल सर्विस' का नाम बदलकर 'रॉयल कैनेडियन नेवी' किया गया। 1913 - प्रसिद्ध भारतीय महिला चित्रकार अमृता शेरगिल का जन्म। 1933 - एडॉल्फहिटलर ने जर्मनी के चांसलर के तौर पर शपथ ली। 1948 - नाथू राम गोडसे ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की हत्या की। 1949 - रात्रि एयर मेल सेवा की शुरुआत हुई। 1964 - दक्षिण वियतनाम में सेना ने रक्तविहीन तख्तापलट के जरिये सत्ता पर कब्जा किया। 1968 - हिन्दी के महान पत्रकार एवं साहित्यकार माखन लाल चतुर्वेदी का निधन। 1971 - इंडियन एयरलाइंस के 'फोकर फ्रेंडशिप विमान' का अपहरण। 1972 - पाकिस्तान ने 'राष्ट्रमंडल' से अपना नाम वापस लिया। 1989 - अमेरिका ने अफगानिस्तान के काबुल में अपना दूतावास बंद किया। 1991 - इराकी सेना ने सउदी अरब की सीमा के नजदीक एक शहर पर कब्जा किया। इस हमले में 12 अमेरिकी सैनिक मारे गए। 2007 - टाटा ने एंग्लो डच स्टील निर्माता कंपनी कोरस ग्रुप को 12 अरब डॉलर से अधिक में खरीदा।

शासकीय राशि का आहरण कर सरपंच-सचिव ने निजी कार्य में किया खर्च

ग्रामीणों ने जिला पंचायत सीईओ से की शिकायत, कार्रवाई की मांग

देवभोग/नवप्रदेश। शासकीय राशि का आहरण कर निर्माण कार्य की जगह अपने निजी कार्य में खर्च करने मामला सामने आया है। सरकारी पैसे का दुरूपयोग करने का आरोप सरपंच व सचिव पर लगा है।

ग्रामीणों ने इसकी शिकायत जिला पंचायत सीईओ से करते हुए दोषी लोगों पर कार्रवाई करने की मांग की है। मामला ग्राम पंचायत कुमड़ईकला का है। जहां ग्रामीणों की मांग और जनपद उपाध्यक्ष एवं कांग्रेसी नेता सुखचंद्र बेसरा की प्रयास से बीते सत्र के शुरूवाती माह में पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण योजना के तहत करलाबंदली पर 2 लाख 30 हजार की लागत से रंगमंच स्वीकृत किया गया ताकि ग्रामीणों के उठने बैठने की व्यवस्था के साथ अन्य कार्य संपादित हो पाए। लेकिन अफसोस की बात है कि पंचायत के जिम्मेदार द्वारा प्रथम किस्त 80 हजार निकालने के बाद भी कार्यस्थल पर एक ईंट नहीं लगा।

ग्रामीणों द्वारा सरपंच-सचिव पर सरकारी राशि का निजी कार्य में खर्च करने का आरोप लगाया है। क्योंकि प्रथम किस्त की राशि ना पंचायत खाते में है और ना उक्त राशि से मटेरियल लिया गया है। ऐसे में गांव के लोग सांस्कृतिक कार्यक्रम व बैठक सहित सार्वजनिक उपयोग करने से वंचित रह गए हैं। जिससे पंचायत प्रतिनिधि भली-भांति अवगत है। तभी पंचों ने कई दफा रंगमंच कार्य शुरू करने को लेकर कहा, पर सरपंच-सचिव द्वारा आज कल में निर्माण प्रारंभ करने की बात कहकर सालभर से टाल रहे।

जनपद सीईओ के निर्देश को रद्दी की टोकरी में डाला

जनपद सीईओ द्वारा लगातार पंचायत सचिव, तकनीकी सहायक व एसडीओ सहित तमाम कर्मचारियों की बैठक लेकर अप्रारंभ कार्य को शुरू कर पूर्ण करने का निर्देश दिया जा रहा है। ताकि निर्माण कार्यो का लाभ आम आदमी को मिले, लेकिन इस निर्देश का असर बिल्कुल भी इस पंचायत के सरपंच-सचिव पर नहीं हो रहा। हालांकि पंचायत प्रतिनिधि कोरोना काल की आड़ में अपना बचाव कर रहे हैं। मगर हकीकत में निकाले गए राशि को निजी कार्य में इस्तेमाल कर दिया है। तभी आज तक रंगमंच का निर्माण शुरू नहीं हो पाया जिस से नाराज ग्रामीणों ने कईयों बार जिम्मेदार अधिकारियों के बीच अपनी शिकायत दर्ज करा चुके हैं।

> रंगमंच कार्य शुरू नहीं किया गया है तो पंचायत के सरपंच-सचिव को नोटिस जारी कर जवाब मांगा जाएगा तत्पश्चात आगे की कार्यवाही होगी।
>
> *एमएल मंडावी,*
> *जनपद सीईओ देवभोग।*

भूपेश की घोषणाओं पर महिला मोर्चा का पलटवार

अध्यक्ष बोली- छत्तीसगढ़ में तो है आपकी सरकार, यहां की महिलाओं को 500 में दे रसोई गैस

बालोद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल उत्तराखंड चुनाव के लिहाज से देहरादून पहुंचे हुए थे। इस दौरान छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक के बाद एक कई घोषणाएं कर दी। लेकिन 500 रुपए से कम में गैस सिलेंडर मुहैया कराने की घोषणा करने के बाद मुख्यमंत्री बालोद जिला महिला मोर्चा के निशाने पर हैं। दूसरे राज्य में की जा रही घोषणाओं पर महिला मोर्चा ने पलटवार किया है और भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष दीपा साहू ने सवाल उठाए हैं। महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष दीपा साहू ने मुख्यमंत्री पर आरोप लगाते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ की जनता को ठगने के बाद यहां के मुख्यमंत्री उत्तराखंड की जनता को ठगने चले हैं। यहां तो मुख्यमंत्री आपकी ही सरकार है। आप यहां पहले 5 सौ रुपए से कम में रसोई गैस मुहैया कराए फिर दीगर राज्यों को वादों का चोला पहनाएं। बघेल से सवाल पूछा कि अगर उत्तराखंड के लोगों को

500 से कम रुपए में सिलेंडर मिलेगा, तो भला क्षेत्र के लोगों ने क्या गुनाह कर दिया है मुख्यमंत्री जी। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष शीतल नायक ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ की जनता को ठगने के बाद उत्तराखंड की जनता को चुनाव प्रचार में ठग रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को छत्तीसगढ़ की शासन संभालने से ज्यादा सैर सपाटे में ज्यादा समय दे रहे हैं। यहां जनता मुख्यमंत्री से उनके वादे निभाने की आस लिए बैठे हैं तो मुख्यमंत्री जी दीगर राज्यों की जनता को झूठे आस बंधा रही है। भाजपा महिला मोर्चा जिला महामंत्री संगीता चंद्राकर एवं लीला शर्मा ने कहा कि उत्तराखंड में कांग्रेस सरकार बनने पर 500 रू में एलपीजी सिलेंडर दिए जाएंगे।

अपने राज्य की भलाई क्यों नहीं दिखती

महिला मोर्चा के जिला कोषाध्यक्ष भानुमति साहू, उपाध्यक्ष सुलेखा सोनी, सरोज गंगबेर, किरण सिन्हा, मंत्री खोमिन साहू, रश्मि साहू, सोहद्रा टांडेकर, ओमेश्वरी धनकर, आरती संचेती, नीता साहू, पूनम साहू ने मुख्यमंत्री के उत्तराखंड में किए गए इस घोषणा का विरोध किया और कहा राज्य के मुखिया भूपेश बघेल उत्तराखंड में पांच सौ रुपए में सिलेंडर देने का वायदा करते हैं, उन्हें अपने ही राज्य का भला करने का विचार क्यों नहीं आता। क्या यह वायदा अपने आकाओं को खुश करने के लिए या जनता को ठगने के लिए यह उन्हें स्पष्ट करना चाहिए।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ की गृहणियों को ठगने के बाद उत्तराखंड की महिलाओं को ठगने में व्यस्त हैं पर हर बार उनका जुमला आम जनता को लुभा नहीं सकता आने वाले 5 राज्यों के चुनाव में कांग्रेस को आईना दिख जाएगा और इस आईने में भूपेश बघेल को भी अपना चेहरा निहारना चाहिए।

नगर के गांधी चौक मे पार्षद रंजीता ने फहराया झंडा

भटगांव/नवप्रदेश। नगर भटगांव मे 26 जनवरी गणतंत्र दिवस बहुत ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जहां नगर पंचायत कार्यालय का ध्वजारोहण नगर पंचायत अध्यक्ष नर्मदा अमित कौशिक ने फहराया तो वहीं अलग-अलग जगहों में पार्षद व एल्डरमैन ने झंडा फहराया जहां नगर के गांधी चौक में वार्ड क्रमांक 5 के पार्षद रंजीता सुरेश रघु ने झंडा फहराया और नया हटरी शीतला चौक के पास एल्डरमैन सुधराम यादव ने तिरंगा झंडा फहराया। जहां नगर के मेन चौक चौरहों में भी तिरंगा झंडा फहराया गया साथ ही साथ मे और भी पार्षदगण एल्डरमैन व मुख्य नगर पंचायत अधिकारी प्रदीप मिश्रा मे मौजूद रहे। जहां कोरोना काल को देखते हुए नगर में एक भी सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं हुए सादगी पूर्ण रूप से गणतंत्र दिवस मनाया गया।

बौद्ध कल्याण समिति व प्रबुद्ध युवा मंच ने आम्बेडकर चौक में फहराया गया तिरंगा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। बौद्ध कल्याण समिति राजनांदगांव एवं प्रबुद्ध युवा मंच तुलसीपुर शाखा समिति के संयुक्त तत्वाधान में गणतांत्रिक दिवस पर तिरंगा फहराया गया। समिति ने विभिन्न कार्यक्रमों को आयोजित कर डॉ. आम्बेडकर चौक, आम्बेडकर सांस्कृतिक भवन सिविल लाईन, कलेक्ट्रेट परिसर में बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यर्पण किया। इसके साथ ही गौरव स्थल पर वीर शहीदों को भी पुष्प अर्पित करके अपनी आदरांजलि दी गई। आप सबको ज्ञात है कि इसी दिन भारतीय सविधान को 1950 में लागू कर देश में समता, स्वतंत्रता, बंधुता एवं न्याय के तत्व पर आधारित सबको समानता का अधिकार प्रदान कर लोकशाही को बहाल किया गया। कार्यक्रम में बौद्ध कल्याण समिति सचिव कांति फुले, कोषाध्यक्ष महेंद्र रामटेके, उपाध्यक्ष दीप रामटेके, बौद्ध कल्याण समिति शाखा तुलसीपुर के अध्यक्ष राहुल खोब्रागढ़े, प्रज्ञा महिला मंडल तुलसीपुर अध्यक्ष पायल मेश्राम, प्रबुद्ध युवा मंच तुलसीपुर के अध्यक्ष

मयंक मेश्राम, जसवंता बाई रामटेके, सरिता बाई बोरकर, रचना लौन्हारे, अभिलाषा सोनटेके, पुष्पा उके, रविता लकड़ा, रजनी बागड़े, सुनीता सेंडे, शीतल रामटेके, मंजू रामटेके, गायत्री, उत्तम शेंडे, दिवाकर शेंडे, भजन मेश्राम, श्रेष्ठ मेश्राम, सुशील लकड़ा, विकास बंसोड़, प्रकाश गोंडाने, शशांक भलाधरे, अमन रामटेके, हर्षवर्धन भावे, निखिल फुले समस्त पदाधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

नपं अध्यक्षा शालिनी ने किया ध्वजारोहण

साजा/नवप्रदेश। नगर पंचायत साजा में गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर पंचायत साजा अध्यक्ष शालिनी मनोज जायसवाल द्वारा कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा की पूजा अर्चना की गई। जिसके पश्चात 7.30 बजे ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान किया गया। वहीं मुख्य समारोह स्थल जय स्तंभ चौक में नगर अध्यक्ष शालिनी मनोज जायसवाल, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संतोष वर्मा, जनपद अध्यक्ष दिनेश वर्मा द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा की पूजा अर्चना की गई। जिसके पश्चात 8.30 बजे ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान किया। जिसके पश्चात नगर पंचायत साजा के अध्यक्ष शालिनी मनोज जायसवाल द्वारा 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी जिसके पश्चात मुख्यमंत्री वचन की। जिसके बाद नगर पंचायत साजा के विधायक प्रतिनिधि ने अपने वाचन में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी व कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर उपाध्यक्ष युगेश्वर सोनी, पार्षदगण लोकेश्वरी नारद साहू, बिसरू राम साहू, राजेश ठाकुर, मेनुका संजय सोनी, राधे वर्मा, ज्योति राठी, पुष्पा प्रकाश सिन्हा, हंसा शर्मा, अवधेश गोयल, संतोष बाजीगर यादव, नरेंद्र यादव, खेमेश्वरी दिनेश साहू,एल्डरमैन रोहित वर्मा, जितेंद्र जैन, शांता निर्मलकर सहित विप्लव गौरहा, सहित अनेक नागरिक व स्कूली बच्चों के साथ शिक्षकगण तथा गणमान्य नागरिक सहित अधिकारी कर्मचारीगण उपस्तिथ रहें।

जिला स्तरीय जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति गठित

बेमेतरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर के निर्देशानुसार जाति प्रमाण पत्रों के सत्यापन हेतु कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान ने एक आदेश जारी कर जिला स्तरीय प्रमाण पत्र सत्यापन समिति का गठन किया है। जारी आदेश के मुताबिक समिति के अध्यक्ष अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, सदस्यों में छगनलाल लोन्हारे उपसंचालक जनसंपर्क विभाग, दुर्गेश वर्मा संयुक्त कलेक्टर, हीरा गवर्ना डिप्टी कलेक्टर, कोषालय अधिकारी बेमेतरा, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस)/निरीक्षक अ.जा.क. बेमेतरा एवं सदस्य सचिव, मेनका चन्द्राकर, सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग शामिल हैं।

गणतंत्र दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले व कोरोना वारियर्स का सम्मान

बेमेतरा/नवप्रदेश। 73वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय बेमेतरा के ऐतिहासिक बेसिक स्कूल मैदान में मुख्य अतिथि के रुप मे विधायक पण्डरिया ममता चंद्राकर द्वारा कोरोना वायरस कोविड-19 के अंतर्गत कोरोना वारियर्स एवं उत्कृष्ट अधिकारियों कर्मचारियों को सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र वितरित किया और अपनी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विधायक बेमेतरा आशीष कुमार छाबड़ा, कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान, पुलिय अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह भी उपस्थित थे। सम्मप्राप्त करने वालों मे नगर पंचायत चुनाव मारो में ड्यूटी पर तैनात नगर सैनिक स्व. राजू तिवारी के सुपुत्र विकास तिवारी, डिप्टी कलेक्टर प्रवीण तिवारी प्राचार्य स्वामी आत्मानंद अंग्रजी माध्यम स्कूल बेमेतरा सुदेशा चटर्जी, कृषि विकास अधिकारी संतराम नागवंशी, ग्रा.कृ.वि.अधि. राजेन्द्र वर्मा, अनुविभागीय अधिकारी लो.नि.वि. (विद्युत यांत्रिकी) एस के झारिया, स्वास्थ्य विभाग आया कुंतिबाई साहू एवं रुखमणी बाई, वार्ड ब्वाय राजेन्द्र कन्नौजिया, सफाई कामगार मुन्ना लाल चौहान, श्रम निरीक्षक तोष कुमार सोरी, थाना प्रभारी थानखम्हरिया नासीर खान, निरीक्षक अम्बर भारद्वज, उप निरीक्षक अरविन्द शर्मा, प्रधान आरक्षक मोहित चेलक, गौठान समिति सांकरा अध्यक्ष आनंद राम साहू, पंचायत सचिव सांकरा शिवदेश लहरे, डोमार साहू अध्यक्ष गौठान समिति ठेलका, पंचायत सचिव सूरज प्रसाद तिवारी पंचायत सचिव ठेलका, अध्यक्ष गौठान समिति राखी अध्यक्ष रामाधार यादव, पंचायत सचिव राखी पवन साहू, कृषि वैज्ञानिक डॉ. जितेन्द्र जोशी, रंजित सिंह राजपूत कृषि विज्ञान केन्द्र बेमेतरा, छात्रावास अधीक्षक रोशन कुमार साहू, डाटा एंट्री ऑपरेटर विपिन कुमार खाद्य विभाग, अजय कुमार घृतलहरे, यशवंत कुर्रे डाटा एंट्री ऑपरेटर शिक्षा विभाग, हैण्ड पम्प तकनीशियन श्याम कुमार सोने, उत्तम कुमार, पंचायत सचिव बोरतरा नवागढ़ बसंत यादव, राजगार सहायक ग्राम पंचायत समेसर नवागढ़ श्रीमती चेतना निर्मलकर, दक्षिण कोरिया मे शेयुल सिटी भारतीय दुतावास से स्वामी विवेकानंद जयंती पर सांस्कृतिक केन्द्र के आयोजित रंगोली प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान मिलने पर सम्मानित किया गया।

गरियाबंद दैनिक नवप्रदेश के जिला ब्यूरो चीफ जीवन एस साहू ने नव पदस्थ जिला पंचायत सीईओ रोक्तिमा यादव से मुलाकात कर जिले की वर्तमान स्थिति और परिस्थिति में विकास की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की। नवपदस्थ सीईओ ने अपने चित-परचित अंदाज में प्रथम सौजन्य मुलाकात में ही प्रथम प्राथमिकता क्षेत्र का समुचित विकास पर जोर दिया ।

एश्ले बार्टी ने रचा इतिहास

पिछले 44 साल में खिताब जीतने वाली पहली ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी

नई दिल्ली। दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एश्ले बार्टी ने इतिहास रच दिया है। उन्होंने पहली बार ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब अपने नाम किया है। शनिवार को महिला एकल वर्ग के खिताबी मुकाबले में उन्होंने अमेरिका की डेनिएल कॉलिन्स को सीधे सेटों में हराया। बार्टी ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान एक भी सेट नहीं गंवाया।

ऑस्ट्रेलियाई स्टार खिलाड़ी बार्टी शुरू से ही 28 वर्षीय कॉलिन्स के ऊपर हावी रहीं और पहला सेट 6-3 से आसानी से अपने नाम किया। इसके बाद दूसरे सेट में अमेरिकी खिलाड़ी ने कुछ टक्कर देने की कोशिश की लेकिन बार्टी ने 7-6 से दूसरा सेट भी जीतकर अपना तीसरा ग्रैंडस्लैम खिताब जीत लिया। बार्टी ने इससे पहले 2019 में फ्रेंच ओपन और 2021 में विंबलडन की ट्रॉफी जीती थी।

बार्टी का ऑस्ट्रेलियाई ओपन में अब जीत-हार का रिकॉर्ड 24-8 का हो गया है। उन्होंने 2022 में इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल तक का सफर किया था जहां उन्हें अमेरिकी युवा सोफ़िया केनिन के हाथों हार झेलनी पड़ी थी।

एश्ले बार्टी 1978 के बाद ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतने वाली पहली ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी बन गई हैं। इससे पहले क्रिस ओ'नील ने आखिरी बार यह खिताब जीता था।

विदित ने कार्लसन को ड्रॉ पर रोका, प्रज्ञानानंद कैरुआना से हारे

नीदरलैंड। टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के 11वें दौर में भारतीय ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती ने दुनिया के नंबर एक मैग्नस कार्लसन को ड्रॉ पर रोका। इसके साथ ही उन्होंने छह अंकों के साथ संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर कब्जा कर लिया। वहीं आर प्रज्ञानानंद अमेरिकी फैबियानो कारुआना से हारकर दो अन्य खिलाड़ियों के साथ संयुक्त रूप से 12वें स्थान पर रहे। उनके पास 3.5 अंक हैं। कार्लसन (7.5 अंक) गुजराती के खिलाफ जीत से चूकने के बावजूद पहले स्थान पर बने हुए हैं। अनीश गिरी को अपने जोर्डन वान फॉरेस्ट के हाथों हार का सामना करना पड़ा और वह तीसरे स्थान पर खिसक गए, जबकि रिचर्ड रैपोर्ट डेनियल डुबोव पर जीत हासिल करके मौजूदा स्टैंडिंग में दूसरे स्थान पर चले गए। वहीं कोरोना पॉजिटिव आने के बाद रूसी जीएम प्रतियोगिता से बाहर हो चुके हैं।

इंडियन ऑयल ने पहले भारतीय पीएसयू के रूप में ग्लोबल हेल्दी वर्कप्लेस अवार्ड जीता

नई दिल्ली। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड 'बड़े उद्योग' श्रेणी में ग्लोबल हेल्दी वर्कप्लेस अवार्ड 2021 जीतने वाला पहला भारतीय पीएसयू बनकर उभरा है। यह पुरस्कार कार्यस्थल पर सर्वोत्तम स्वस्थ प्रथाओं को बनाए रखने पर इंडियन ऑयल के अनवरत प्रयासों को स्वीकार करता है। यह पुरस्कार एक खुशनुमा ,सकारात्मक और उत्पादक कार्यस्थल का निर्माण कर अपने कर्मचारियों के मानसिक और शारीरिक कल्याण का समर्थन करने के लिए कंपनी के व्यापक प्रयासों का भी सम्मान करता है। इस पुरस्कार की घोषणा 17 और 18 नवंबर 2021 के बीच आयोजित 9वें वैश्विक स्वस्थ कार्यस्थल शिखर सम्मेलन के दौरान की गई थी। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर कल आयोजित एक विशेष सम्मान समारोह में इंडियनऑयल के अध्यक्ष श्रीकांत माधव वैद्य ने इंडियनऑयल की ओर से यह पुरस्कार प्राप्त किया। यह पुरस्कार श्री वुल्फक्रिस्टन और श्री टॉमी हचिंसन, सह - निदेशक और सह -

संस्थापक, ग्लोबल सेंटर फॉर हेल्दी वर्कप्लेस द्वारा प्रदान किया गया।

इस अवसर पर बोलते हुए, श्रीकांत माधव वैद्य ने कहा,'' मैं मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक रूप से स्वस्थ कार्यस्थल बनाने में इंडियनऑयल के निरंतर प्रयासों को मान्यता देने के लिए ग्लोबल सेंटर फॉर हेल्दी वर्कप्लेस को धन्यवाद देता हूं। सम्मान यह भी दर्शाता है कि इंडियन ऑयल कार्यस्थल पर खुशी के वैश्विक मानकों को कैसे पूरा कर रहा है। यह वास्तव में हमारे लिए एक विशेष क्षण है, और मैं इस सम्मान को जीतने के लिए इंडियन ऑयल टीम को बधाई देता हूं। यह अवार्ड हमें अतिरिक्त प्रयास किये जाने और सकारात्मक कार्यस्थल संस्कृति को और मजबूत करने के लिए प्रोत्साहित करेगा। महामारी के बीच स्वास्थ्य और लोगों की भलाई पर इंडियनऑयल के ब-सजये हुए ध्यान पर विचार व्यक्त करते हुए, श्री वैद्य ने कहा, इंडियन ऑयल का मानवीय चेहरा हमारी सबसे महत्वपूर्ण ताकत के रूप में तब उभरा जब हमें दुनिया में बीती सदियों में देखी गई सबसे खराब महामारी से गुजरना पड़ा। जब दुनिया थम गई, हमारी टीमों ने देश के कोने-कोने में निर्बाध ईंधन आपूर्ति सुनिचित करने के लिए हर मुश्किल का सामना किया। हालांकि,हमें अपने फ्रंटलाइन वर्कर्स के जोखिम का मूल्यांकन और सराहना करने की भी आवश्यकता है। इंडियन ऑयल के हितधारकों के देशव्यापी नेटवर्क को संक्रमण के प्रसार को कम करने और एक सुरक्षित और स्वस्थ कार्य वातावरण प्रदान करने के लिए मिलकर काम करना था।

भ्रष्टाचार! स्वीकृत दूसरे के नाम पर बन रहा किसी और के यहां तालाब

रामानुजगंज/नवप्रदेश। रामचंद्रपुर विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत डुमरपान डबरी किसी और के नाम से पास हुआ और बन कहीं और रहा है जिसकी शिकायत जिस बुजुर्ग व्यक्ति के नाम से डबरी स्वीकृत हुआ था उसने जनपद के अधिकारियों से लेकर कलेक्टर से भी की है एवं अपने जमीन पर डबरी बनाए जाने की मांग की है। ग्राम पंचायत के डुमरपान के बुजुर्ग सहदेव बरगा पिता जयपाल बरगा ने आरोप लगाया कि सन 2020-21 में उसके नाम से डाबरी स्वीकृत हुआ परंतु सरपंच सचिव एवं रोजगार सहायक के मिलीभगत से वह डबरी रामखेलावन पिता रामधनी के भूमि पर बनवाया जा रहा है। जिसे लेकर सहदेव ने जनपद सीईओ एवं कलेक्टर को भी ज्ञापन सौंप अपने जमीन पर डबरी बनवाई जाने की मांग की है। सहदेव ने बताया कि मैंने कई बार गांव के सरपंच एवं सचिव से मिलकर अपने जमीन पर डबरी बनवाए जाने की मांग की क्योंकि डबरी मेरे नाम से ही स्वीकृत हुआ है परंतु इसके बाद भी डबरी का निर्माण दूसरे के जमीन पर करवाया जा रहा है जिसके बाद मैंने अधिकारियों से शिकायत की।

नगर में जगह-जगह किया गया ध्वजारोहण

नगरी/नवप्रदेश। 73वां गणतंत्र दिवस नगर पंचायत नगरी बस स्टैंड, दैनिक बाजार, बजरंग चौक, राजा बाडा, गांधी बाल उद्यान व विभिन्न शासकीय कार्यालय भवनों में ध्वजारोहण किया गया साथ ही

वार्डों में छोटे-छोटे बच्चों द्वारा ध्वजारोहण कर हाथ में तिरंगा लेकर झंडे की जय जय जवान जय किसान अमर रहे कर के नारे लगाते दिखाई दिए। पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, बीजेपी किसान मोर्चा राष्ट्रीय मंत्री व पूर्व विधायक पिंकी शिवराज, जपं आराधना शुक्ला, नपं उपाध्याय अजय समेत युवा मोर्चा के पदाधिकारी समस्त कार्यकर्ता एवं समस्त नगरवासी अधिक से अधिक में उपस्थिति थे।

जपं में जननायक बोस व स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को किया गया याद

मुंगेली/नवप्रदेश। गणतंत्र दिवस पर जनपद पंचायत मुंगेली में

जनपद अध्यक्ष गायत्री रामफ ल साहू एवं उपाध्यक्ष पवन पांडेय ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष पवन पांडेय ने देश की आजादी में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले नायक सुभाषचंद्र बोस एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की योगदान का उल्लेख करते हुए उनके सुझाये मार्ग पर चलने की बात कही। सभापति शिव कुमार बंजारा ने संविधान निर्माता डॉ. अम्बेडकर के योगदान की चर्चा की। इस अवसर पर जनपद सदस्य माया मनहरण जायसवाल, किरण नवरंगपुर, सीईओ भूमिका देसाई, एसडीओपी सूर्यवंशी व जनपद पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

एकलव्य आदर्श विद्यालय बंधवा में मनाया गया गणतंत्र दिवस

मुंगेली/नवप्रदेश। 73वां गणतंत्र दिवस एकलव्य आदर्श विद्यालय बंधवा में उल्लास के साथ मनाया गया। ध्वजारोहण प्राचार्य अश्वनी बंजारा ने किया। कोरोना काल के महामारी से स्कूल की पढ़ाई पर चिंता व्यक्त की गई और समाधान के रूप में ऑनलाइन क्लास के माध्यम से शिक्षा की व्यवस्था कर छात्रों से उसे जुड़ कर प्राप्त करने की अपील की गई। इस अवसर पर रीता डिंडोरे, दीपा मिश्रा, राजेश शर्मा, जितेन्द्र जांगड़े सहित शिक्षकगण व चतुर्थश्रेणी कर्मचारी उपस्थित थे।

नपा शाला में ध्वजा रोहण न.पा. अध्यक्ष गोस्वामी ने किया

मुंगेली/नवप्रदेश। शासकीय नगर पालिका मुख्य प्राथमिक शाला में ध्वजारोहण न.पा. अध्यक्ष हेमेन्द्र गोस्वामी द्वारा किया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर आस्था व्यक्त करते हुए बधाई दी गई। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि पार्षद मनु सोनी, रोहित शुक्ला, शीला पाठक, अनीता शुक्ला, योगेश्वर शर्मा, अवधेश शर्मा, श्याम मरकाम, शलील केशरवानी, सत्तु टोण्डर, आदि मौजूद थे।

शा.उ.मा.शाला छटन में गणतंत्र दिवस उत्लास के साथ मनाया गया

मुंगेली/नवप्रदेश। शास उ.शाला छटन में गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय सेवा इकाई द्वारा उत्साह के साथ मनाया गया। ध्वजारोहण मुख्य अतिथि सरपंच शकुंतला साहू ने की। भारतीय संविधान में सबको बराबर का दर्ज प्राप्त है जिसमें आज महिलाएं जल सेना, थल सेना और वायु सेना में अपनी उपस्थिति दर्ज कर इसे साबित कर रही है। जो मातृशक्ति के लिये गौरव का विषय है। इस अवसर पर नरेंद्र साहू जय सिंह मरकाम मोहन उपाध्याय अमीन सोनवानी धर्मेश पटेल उपस्थित थे।

2 माओवादी गिरफ्तार, लूट, हत्या, आगजनी समेत अन्य घटनाओं में थे शामिल

बीजापुर/नवप्रदेश। जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् थाना पामेड़ से 26 जनवरी को जिला बल एवं कोबरा 204 केरिपु 151,196 का संयुक्त बल एरिया डॉमिनेशन ड्यूटी पर धरमारम की ओर निकली थी। संयुक्त टीम के द्वारा एरिया डॉमिनेशन ड्यूटी के दौरान धरमारम के जंगलों से थाना पामेड़ क्षेत्रान्तर्गत लूट, हत्या का प्रयास, आगजनी, राजद्रोह, विस्फोटक पदार्थ, आर्म्स एक्ट के मामले में शामिल 02 माओवादियों सीतैया बोड़के पिता रामा उम्र 32 वर्ष निवासी धरमारम थाना पामेड़, गुण्डी किस्टैया पिता पेंटा उम्र 48 वर्ष निवासी धरमारम थाना पामेड़ को पकड़ा गया। पकड़े गये दोनो माओवादियों सीतैया बोड़के के विरूद्ध 03 और गुण्डी

किस्टैया के विरूद्ध 05 स्थाई वारंत थाना में लंबित पाया गया। थाना पामेड़ में उक्त दोनो माओवादियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय बीजापुर पेश किया गया है। थाना पामेड़ क्षेत्रान्तर्गत 23 नवंबर 2003 को जिला बल एवं छसबल की संयुक्त टीम को मतदान केन्द्र धरमारम की चेकिंग कर थाना वापसी के समय बम विस्फोट कर फायरिंग करने की घटना में शामिल, 12 सितंबर 2004 को तोंगगुड़ा और तिपापुरम के मध्य वेतन पार्टी पर बम विस्फोट कर फायरिंग की घटना में शामिल, 08 जून 2005 को थाना पामेड़ में फायरिंग की घटना में शामिल,10 जून 2005 को तोंगगुड़ा और तिपापुरम के मध्य पुलिस पार्टी को क्षति पहुचाने के उद्देश्य से आईइडी प्लांट करने में शामिल, 15 जून 2005 को पामेड़ तोंगगुड़ा मार्ग पर टिफिन बम लगाने की घटना में शामिल, 29 अगस्त 2019 को रासपल्ली के जंगलों में पुलिस पार्टी पर फायरिंग की घटना में शामिल, 03 जनवरी 2019 को धरमारम रोड निर्माण कार्य में लगे टेक्टर में आगजनी की घटना में शामिल,18 जून 2019 को जीड़पल्ली के ग्रामीण विजय गुण्डी के घर से दैनिक राशन सामग्री, मवेशी, पलंग, आलमारी, दरवाजा, सोलर प्लेट, बैटरी आदि लूट की घटना में शामिल।

आम सभा में अनुमोदित हुई बस्तर पत्रकार संघ की नई सदस्यता सूची

■ **पत्रकारों ने व्यक्त की पारदर्शी, निष्पक्ष एवं विधि सम्मत चुनाव की उम्मीद**

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर जिला पत्रकार संघ की आम सभा 28 जनवरी को संपन्न हुई । गणपूर्ति के अभाव की वजह से इसी महीने 6 जनवरी को पत्रकार भवन में प्रस्तावित सन् 2008 की सदस्यता सूची में शामिल पत्रकारों की आम सभा को स्थगित कर, आज की आम सभा बुलाई गई थी। बस्तर जिला पत्रकार संघ से जुड़े वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र बाजपेई की अध्यक्षता में आहूत आम सभा में तय एजेंडे के आधार पर विषय वार चर्चा संपन्न हुई। एजेंडे के सबसे अहम विषय पर चर्चा करते हुए संघ की नई सदस्यता सूची में शामिल सभी 102 नामों पर नाम दर नाम विचार करते आम सभा ने सभी नामों पर अपनी सर्वसम्मति दी। नई कार्यकारिणी के गठन हेतु निर्वाचन की तिथि के निर्धारण संबंधी विषय पर चर्चा करते आम सभा में बस्तर जिला पत्रकार संघ के निर्वाचन अधिकारी एवं अनुविभागीय दंडाधिकारी दिनेश नाग से आगामी सात दिनों में चुनाव संपन्न करवाने संबंधी आग्रह करने का सर्वसम्मत निर्णय लिया गया। आमसभा को संबोधित करते हुए आज की सभा के अध्यक्ष राजेन्द्र वाजपेयी ने कहा कि जिन बिंदुओं पर आम सभा होनी थी, उन सभी पर आज सार्थक चर्चा हुई और सभी की सहमति से एक राय होकर चुनाव करवाने एक समयसीमा प्रशासन को सौपी जाएगी। आज की आम सभा मे नई सदस्यता सूची को सहमति दे दी गयी है, साथ ही चुनाव की तिथि को लेकर लेकर भी एक राय बनने के बाद प्रशासन को एक सप्ताह के भीतर चुनाव की करवाई प्रारंभ करने निवेदन किया जा रहा है। उन्होंने सभी नए सदस्यों से भी अपील की पत्रकारिता के जो दायित्व है उनका सभी ईमानदारी से निर्वहन करें। आम सभा में अपने विचार रखते संघ के उपाध्यक्ष मनीष गुप्ता ने कहा कि चुनाव लोकतांत्रिक ढंग से एवं पूरी पारदर्शिता के साथ होना चाहिए। प्रशासन ने चुनाव को लेकर पूरी कार्रवाई को विधिपूर्वक अंजाम दिया है । इसी तारतम्य में संघ की नए मतदाता सूचि को अंतिम रूप देने 2008 के सदस्यों से आमसभा कर सहमति चाही गयी थी। आज आम सभा में सर्वसम्मति से मतदाता सूची पारित कर दी गयी है। अब सभी पत्रकार साथियों को प्रशासन से निष्पक्ष चुनाव करवाने की अपेक्षा है। जो बहुमत से चुनाव जीत कर आएगा उसका सभी सम्मान करेंगे। संघ के कोषाध्यक्ष भंवर बोथरा ने कहा कि विगत 38 वर्षों से संघ में कोई विधिसम्मत चुनाव ही नहीं हुआ है। फर्म एंड सोसाइटी ने 2008 की कार्यकारिणी को ये आदेशित किया था कि नए सदस्यों की सूची बनाकर अधतन करें एवं जल्द से जल्द चुनाव करावें लेकिन महत्वपूर्ण पदों में बैठे पदाधिकारियों ने ऐसा नहीं किया और लगातार चुनाव पक्रिया को टालने का प्रयास करते आये हैं। आज सभी पत्रकार साथियों ने एकजुट होकर चुनाव की मांग प्रशासन से की है। प्रशानिक करवाई को देखकर एसा प्रतीत हो रहा है कि इस बार चुनाव लोकतांत्रिक ढंग से सम्पन्न होगा।

एनएसयूआई ने किया प्रोफेसर का सम्मान

नगरी/नवप्रदेश। गणतंत्र दिवस के अवसर पर सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी छिपली के ध्वजारोहण के पश्चात पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर के द्वारा सुखराम नागे महाविद्यालय के प्रोफेसर मनोज शर्मा को वाणिज्य विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान किया गया था जिसे लेकर एनएसयूआई सिहावा विधानसभा अध्यक्ष आदित्य तिवारी ने कहा कि इसे लेकर छात्र-छात्राओं में काफी उत्साह का माहौल है वह अपने प्रोफेशन को पीएचडी की उपाधि मिलने पर काफी खुश हैं। प्रो मनोज शर्मा सर हम सब के गुरु हैं एवं गुरु के साथ-साथ काफी जानकार एवं छात्र छात्राओं के प्रति मिलनसार व्यवहार आदर भाव रखने वाले गुरु में से एक हैं उन्हें यह उपाधि उनकी कड़ी मेहनत एवं लगन को लेकर मिली है। सभी को 73 वें गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित तिवारी ने किया। इस दौरान एनएसयूआई के विधानसभा अध्यक्ष आदित्य तिवारी के नेतृत्व में एनएसयूआई के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा पीएचडी उपाधि प्राप्त होने पर प्रोफेसर मनोज शर्मा को शाल एवं श्रीफल भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर साथ ही उन्होंने संस्था प्रमुख प्राचार्य राजकुमार राठौर की भी प्रशंसा करते हुए कहा कि वह भी कॉलेज को एवं छात्र-छात्राओं की समस्याओं को गंभीरता से लेकर उसका निराकरण करते हैं एवं ग्रामीण इलाकों से आने वाले छात्र-छात्राओं को किसी प्रकार की या दिक्कत ना हो इसका भी वे विशेष ख्याल रखते हैं।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

बस्तर के बाद चिंतन ...

भाजपा ने राजधानी क्षेत्र से अलग बस्तर में पहली बार चिंतन शिविर रखा तो इसके पीछे कई तरह के राजनीतिक कारण सामने आए। प्रमुख तौर पर पार्टी आदिवासियों के बीच अपनी जमीन मजबूत करने के इरादे से बस्तर पहुंची थी। इस शिविर के नतीजों को अमलीजामा पहनाया जा रहा है। जमीनी स्तर पर काम करने से लेकर कार्यकर्ताओं को दायित्व सौंपने तक काफी कुछ किया जा रहा है। प्रदेश सरकार की कमजोरियों पर कुठाराघात भी पूरी आक्रामकता के साथ हो रहा है। इन सबसे अलग महत्वपूर्ण सवाल यह है कि क्या सिर्फ आदिवासी सीटों की बदौलत भाजपा फिर से सत्ता में लौटने का ख्वाब देख सकती है? पिछले आंकड़े इसके पक्ष में नहीं दिख रहे हैं। भाजपा को शहरों (या मैदानी क्षेत्रों) की पार्टी माना जाता था, किन्तु पिछले विधानसभा चुनाव में उसके मैदानों पर पानी फिर गया था। बस्तर और सरगुजा जैसे आदिवासी क्षेत्रों में तो उसे बुरी तरह पराजय मिली ही थी, पर प्रभुत्व वाले मैदानी क्षेत्रों में भी उसे तगड़ी पराजय का सामना करना पड़ा।

पूर्व व वर्तमान सीएम की टक्कर: पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह व वर्तमान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल दुर्ग संभाग के अंतर्गत ही निर्वाचित हैं। इस आधार पर इन दोनों नेताओं के भावी कदमों से उनकी पार्टियों का भविष्य तय होगा। कांग्रेस जहां सत्ता में लौटने को लेकर आशान्वित है, वहीं भाजपा को भी कहीं कोई गुंजाइश नजर आ रही है। कांग्रेस के नीचे से लेकर ऊपर तरह के कार्यकर्ता जहां आत्मविश्वास से लबरेज हैं, वहीं भाजपा के कार्यकर्ताओं में उत्साह नदारत है।

हालांकि विधानसभा चुनाव को अभी डेढ़ साल से ज्यादा वक्त बाकी है, किन्तु जिस तरह से भाजपा ने तैयारियां शुरू कर दी है, उसके बाद कार्यकर्ताओं में नया जोश भरना उसके लिए चुनौतीपूर्ण है। चुनौती इसलिए भी क्योंकि, कार्यकर्ता अपनी पार्टी के नेताओं से खासे नाराज हैं और घर बैठे हुए हैं।

पिछली बार गलत प्रत्याशी चयन, सत्ता के गलत फैसले और कार्यकर्ताओं की अनदेखी के चलते भाजपा को अप्रत्याशित पराजय मिली थी। ऐसे में पार्टी को अब प्रत्येक कदम फूंक-फूंककर रखने होंगे।

गलत फैसले बने हार की वजह: डॉ. रमन सिंह की अगुवाई में भाजपा ने लगातार तीन बार सत्ता हासिल की और बखूबी शासन भी किया, किन्तु विगत चुनाव से ऐन पहले सरकार के कुछ फैसले उसके लिए आत्मघाती साबित हुए। इसके अलावा सत्ता की चकाचौंध और ठाठ-बाठ ने भाजपा के प्रभावशाली नेताओं को आमजन से दूर कर दिया। ये नेता स्थानीय स्तर पर अयोग्य प्रत्याशी थोपने से लेकर आपसी गुटबाजी तक में उलझे रहे। पिछले चुनाव से पहले पार्टी की प्राथमिकता में वे सीटें थी, जहां उसे जीतने की कुछ गुंजाइश दिख रही थी, किन्तु आपसी सिर फुटौव्वल के चलते उसके प्रत्याशी उन सीटों पर भी हार गए, जो परंपरागत रूप से भाजपा की रही। मसलन, पार्टी को बेमेतरा और बालोद जिलों पर ज्यादा फोकस करना था, किन्तु उसके हाथ से दुर्ग और राजनांदगांव जिले की सीटें भी निकल गईं। बालोद जिले में पार्टी की भीतरी गुटबाजी ने उसे पूरी तरह साफ कर दिया। दुर्ग जिले में भी कमोबेश ऐसे ही हालात रहे। राजनांदगांव और कबीरधाम जिलों में तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह का प्रभुत्व था, किन्तु इन जिलों में भी करारी हार मिली। चाऊंर वाले बाबा का जादू पूरी तरह से नदारत रहा। बेमेतरा जिले की साजा सीट पर आजादी के बाद पहली बार भाजपा को जीत मिली, किन्तु वहां भी आपसी खींचतान के चलते पार्टी हार गई। नवागढ़ भी गुटबाजी की भेंट चढ़ गया।

5 जिलों से मिली ...

चुनाव जीते थे। इसके अलावा राजनांदगांव जिले की खैरागढ़ सीट से देवव्रत सिंह ने जकांछ की सीट पर जीत दर्ज की थी। वहीं थोक में 17 सीटें कांग्रेस की झोली में गिरी। जबकि 2013 के चुनाव में भाजपा को 11 सीटें इस संभाग से मिली थी।

सरकार बनी तो पंजाबियों ...

और उनके खिलाफ विपक्ष के आरोपों पर अपने विचार साझा किए। साक्षात्कार के दौरान चरणजीत सिंह चन्नी ने कई सवालों के जवाब दिए। उनसे जब पूछा गया कि कांग्रेस ने पंजाब चुनाव के लिए मुख्यमंत्री पद के चेहरे की घोषणा अभी तक क्यों नहीं की गई है? राहुल गांधी भी इस बात पर खुलकर बात नहीं कर रहे हैं। जवाब में चरणजीत सिंह चन्नी ने साफकिया कि कांग्रेस पार्टी में अंतर्कलह नहीं है, क्योंकि पंजाब के लोग इस बार विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री पद की मांग कर रहे हैं और हमारे पार्टी नेतृत्व ने पंजाबियों की मांग को स्वीकार कर लिया है।

चार साल में 6 ...

लगाने का विश्व कीर्तिमान बना चुके हैं। लक्ष्यराज सिंह का कहना है कि गिनीज बुक ऑफरिकॉर्ड में नाम दर्ज करवाने का एक ही मकसद है कि वे मेवाड़ में चली आ रही सेवा और सम्मान की इस परंपरा को कायम रखने के साथ आगे बढ़ाना चाहते हैं।

जम्मू-कश्मीर : सेना ने ...

दुर्घटनावश विस्फोटक उपकरण में ब्लास्ट हो गया, जिससे चार सैनिक घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घायल जवानों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

पेगासस स्पाइवेयर ने...

मोदी की इजराइल यात्रा का भी उल्लेख किया गया। यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली इजराइल यात्रा थी।

3. भारत-इजराइल के बीच हुए लगभग दो अरब डॉलर के हथियार एवं खुफिया उपकरण सौदे में स्पाइवेयर पेगासस और एक मिसाइल प्रणाली ''केंद्रबिंदु'' थे।

4. खबर में कहा गया है, ऽदशकों से, भारत ने फलस्तीनी मुद्दे के प्रति प्रतिबद्धताऽ की नीति बरकार रखी थी और इजराइल के साथ संबंध ठंडे पड़े थे। मोदी की यात्रा विशेष रूप से सौहार्द्रपूर्ण रही थी। उनके (इजराइल के तत्कालीन) प्रधानमंत्री (बेंजामिन) नेतान्याहू के साथ एक स्थानीय समुद्र तट पर नंगे पांव टहलने के दौरान इसकी झलक दिखी थी।''

5. खबर के अनुसार उनके पास गर्मजोशी भरी भावनाएं व्यक्त करने का कारण था। उनके देश लगभग 2 अरब अमेरिकी डॉलर के हथियार और खुफिया उपकरण सौदे पर सहमत हुए थे, जिसके केंद्रबिंदु पेगासस और एक मिसाइल प्रणाली थे।''

6. खबर के अनुसार, ऽमहीनों बाद, नेतन्याहू ने भारत की एक दुर्लभ राजकीय यात्रा की और जून 2019 में, भारत ने संयुक्त राष्ट्र की आर्थिक एवं सामाजिक परिषद में इजराइल का समर्थन करते हुए फलस्तीनी मानवाधिकार संगठन को पर्यवेक्षक का दर्जा देने से इनकार करने के लिए मतदान किया। भारत ने पहली बार ऐसा किया।''

7. पीटीआई ने न्यूयार्क टाइम्स की इस खबर पर सरकार से प्रतिक्रिया मांगी, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला।

8. बता दें कि अक्टूबर में, उच्चतम न्यायालय ने इस मामले की जांच के लिए एक 3 सदस्यीय स्वतंत्र विशेषज्ञ समिति गठित करते हुए कहा था कि सरकार हर बार राष्ट्रीय सुरक्षा का खतरा बता कर सवालों से बच नहीं सकती।

9. कांग्रेस का कहना है कि स्पाइवेयर का उपयोग करके अवैध जासूसी देशद्रोह है। सरकार पर हमला करते हुए राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने ट्विटर पर कहा, मोदी सरकार ने भारत के दुश्मनों की तरह काम क्यों किया और भारतीय नागरिकों के खिलाफ युद्ध के हथियार का इस्तेमाल क्यों किया?

योगी-शाह के बाद यूपी...

कहा कि इन जिलों में पीएम की आभासी रैली के लिए प्रत्येक भाजपा मंडल में एक एलईडी स्क्रीन होगी। एक एलईडी स्क्रीन पर लगभग 500 लोगों को लाने का लक्ष्य है। इस तरह एलईडी स्क्रीन के जरिए पार्टी की योजना एक वर्चुअल रैली में करीब 50,000 लोगों तक पहुंचने की है।

अनापत्ति

आवेदक- कौशिल्या देवी गुप्ता पति रामप्रवेश गुप्ता, निवासी जनकपुर वार्ड टिकरापारा कांकेर, जिला-कांकेर (छ.ग.)
यह की आवेदक के नाम पर टिकरापारा कांकेर, जिला-कांकेर में सुर्वे नंबर : शीट नंबर 19-A, प्लाट नंबर 1/2, टाइटल डीड नंबर : बुक A-1, Vol नंबर. 691, पेज नंबर 81-82, सीरियल नंबर, 873, रजिस्टर्ड On : 25-Jan-85, at : कांकेर, छत्तीसगढ़ में आवासीय घर है, जिसका कुल रकबा 215 sq mt है। जो भारतीय स्टेट बैंक, SME शाखा कांकेर में गारंटर के रूप में बंधक रखा गया है प्लाट केवल भारतीय स्टेट बैंक, SME शाखा कांकेर में ही बंधक है। किसी भी अन्य बैंक या SBI के अन्य शाखा में बंधक नहीं है। अतएव जिस किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो 15 दिवस के अंदर भारतीय स्टेट बैंक, SME शाखा कांकेर जिला-कांकेर में उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज करा सकते हैं।

दीलराज पटेल
(अधिवक्ता)
एम.काम.एल.एल.बी.

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, बलरामपुर जिला बलरामपुर (छ.ग.)

निविदा आमंत्रण सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :- कार्य का नाम RETROFITTING/SVS OF PIPED WATER SUPPLY SCHEME under Jeevan Mission as per NIT निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 07.02.2022

स.क्र.	सिस्टम क्रमांक	निविदा सूचना क्र./ दिनांक	ग्राम का नाम	अनुमानित लागत
1	91527	68/25.01.2022	SARNA	95.27

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

जी-67234/6

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
बलरामपुर (छ.ग.)

कार्यालय अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग (भ/स) अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर

निविदा आमंत्रण तिथि :- 25.01.2022
ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

01. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए Log.in करें http://eproc.cgstate.gov.in
02. आनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि - 03.02.2022
03. संबंधित संभाग- सूरजपुर संभाग

सरल क्र.	एन.आई.टी. क्र./ऑन लाईन सिस्टम क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)
1	2	3	4
1	132 91516 3rd Call D Class and Above	उपसंभाग प्रेमनगर अंतर्गत तारा प्रेमनगर रामानुजनगर मार्ग के कि.मी. 0 से 51 के बीच शेष बचे कि.मी. में बी.टी. पैच रिपेयर का कार्य।	49.55

जी-67205/4

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर

Chhattisgarh State Electricity Regulatory Commission

Irrigation Colony Shanti Nagar Raipur -492001 (C.G.) Ph.0771-4073566, Fax 4073553
Website: www.cserc.gov.in, E-mail: cserc.sec.cg@nic.in

PUBLIC NOTICE

The Commission has registered a suo-motu petition 70 of 2021 for determination of miscellaneous and general charges under sections 43, 45 and 46 of the Electricity Act, 2003. Hearing on this draft proposal was held on 18/01/2022.
Based on comments and suggestions received from the stakeholders and after hearing the arguments, a revised draft order is issued with certain modifications. The revised draft order is available on the Commission's website- www.cserc.gov.in. Comments/ suggestions of the stakeholders/public are invited by 08/02/2022 though email or post.
A public hearing in this petition will be held on 08/02/2022 at 04:00 pm at the Commission's office.
Persons willing to attend the hearing through video conferencing may provide e-mail ID/mobile no. to cserc.lawsection@gmail.com

S.- 31290/4 SECRETARY

CHHATTISGARH STATE MINOR FOREST PRODUCE CO-OPERATIVE FEDERATION, LTD

Van Dhan Bhawan, Sector 24, Atal Nagar, Raipur (CC.) Phone : 0771 -2513100
E-mail : mfpfed.cg@nic.in Website : www.cgmfpfed.org
Notification No. MFP I5/Packing Maltrial (Glass Bottle)/2022/VI Date 28/01/2022

For Pac kaging Material (Food Grade Glass Bott le) purchase
E-Tender Notification Summary

Chhauisgarh State Minor Forest Produce Co-op. Fed. Nawa Raipur Alal Nagar operates processing centers which require packaging for packing Honey, for the year 2022-23. E-Tender for purchase of packagi ng materia l(Food Grade Glass Bott les) is invited on **25-02-2021** (First) By 4:00 PM and if Needed be E-Tender Dated **17-03-2022** (Second Round) By 4:00 PM and if need be E-Tender dated **13-04-2022** (Third) by 4:00PM.
Detai led instruction about application form Bid selection procedures, and E·Tender can be down loaded from the Webs ite www.cgmfpfed.org Kindly visit the Website regularly fo r the updated infonnation.

S.-31272/2 **Managing Direclor**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एग्जोटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 8120029029-9406245514, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

रेत, ईंट और गिट्टी के अवैध उत्खनन व परिवहन में लगे 23 वाहन जब्त

कांकेर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा प्रदेश में खनिज रेत के अवैध उत्खन्न, परिवहन एवं भण्डारण पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश जारी किये गए है।

निर्देश के परिपालन में जिले में राजस्व एवं खनिज विभाग द्वारा अवैध परिवहन में लगे वाहनों की जांच की गई, जिसमें रेत के 19, ईंट के 02 और गिट्टी से भरे 02 इस प्रकार 23 वाहनों को जब्त कर कार्यवाही की गई। चारामा एसडीएम केएस पैकरा ने बताया कि चारामा में अवैध उत्खन्न करते हुए संयुक्त दल द्वारा 23 वाहनों को पकड़ा गया है।

संयुक्त कार्यवाही दल में तहसीलदार चारामा एचआर नायक, खनिज अधिकारी प्रमोद नायक, नायब तहसीलदार चन्द्र कुमार सिन्हा, थाना प्रभारी रविशंकर साहू, खनिज निरीक्षक भरत बंजारे सहित राजस्व निरीक्षक, पटवारी, पुलिस विभाग के सहयोग से कार्यवाही की गई। इसी प्रकार भानुप्रतापपुर में एसडीएम जितेन्द्र यादव और तहसीलदार सुरेन्द्र उर्वशा द्वारा कार्यवाही किया गया, जिसमें अवैध परिवहन में लगे रेत से भरे 02 वाहन ट्रेक्टर को जप्त किया गया। पंखाजूर में एसडीएम धनंजय नेताम और तहसीलदार शेखर मिश्रा के द्वारा कार्यवाही करते हुए रेत से भरे 03 वाहन ट्रैक्टर को जप्त की गई। कांकेर में तहसीलदार आनंद नेताम और नायब तहसीलदार परमानंद बंजारे तथा थाना प्रभारी के संयुक्त दल द्वारा निरीक्षण कर 05 ट्रैक्टरों को अवैध रेत उत्खन्न करते पाये जाने पर जप्त कर कार्यवाही की जा रही है।

फेडरेशन ने काली पट्टी बांधकर किया विरोध प्रदर्शन

बीजापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के द्वारा अपनी दो सूत्री मांग को लेकर काली पट्टी हाथ में बांध कर विरोध विरोध प्रदर्शन किया। इसी कड़ी में बीजापुर में भी अधिकारी प्रदर्शन के बैनर तले दो सूत्री मांग केंद्र की समान महंगाई भत्ता एवं गृह भाड़ा भत्ता को लेकर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया गया। फेडरेशन के मुताबिक छत्तीसगढ़ में महंगाई भत्ता केंद्र के अनुपात में काफी कम दिया जा रहा है जिससे कर्मचारियों को हर महीने काफ ी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। फेडरेशन लगातार राज्य शासन से मांग कर रहा है किंतु महंगाई भत्ता कि दर नहीं बढ़ाना कर्मचारियों के साथ अन्याय है, गृह भाड़ा भत्ता भी पुराने वेतनमान से दिया जा रहा है जबकि नए वेतनमान से सभी कर्मचारी व अधिकारियों को गृह भाड़ा भत्ता मिलना चाहिए।

विभिन्न स्थानों में उत्साह के साथ गणतंत्र दिवस मनाया

मुंगेली/नवप्रदेश। गणतंत्र दिवस की 73 वर्ष गाठ पर प्रेस क्लब भवन में अनिल सोनी अध्यक्ष प्रेस क्लब ने ध्वजारोहण किया। डॉ. दीपक पाचकोर, सुनील पाठक, स्वतंत्र तिवारी, और प्रेस क्लब के अनेक साथी शामिल हुए। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा राष्ट्रपिता माहात्मा गांधी की प्रतिमा पर श्रद्धा के फूल अर्पित कर गांधी प्रार्थना ऽ रघुपति राघव रामश् स स्वर गायन किया गया। वीर शहीदों और भारत के महानतम नेताओं के जयकारे लगाये गए। गोल बाजार चैक में लक्ष्मी केशरवानी, इंदिरा गांधी चौक में मनोरमा गुप्ता और आगर साहित्य समिति में कौशल सिंह क्षत्रीय ने ध्वजारोहरण किया। इस अवसर पर हेमेन्द्र गोस्वामी अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मुंगेली, स्वतंत्र मिश्रा, वीरेन्द्रधर पौराणिक, विनय चोपड़ा, राजमनसिंह ठाकुर, अभिलाष सिंह, संजय यादव, सूरज यादव, आरिफ खान, कलीम बागड़ी, इमतियाज रोजे खान, ललिता सोनी, मंजू शर्मा और भारी संख्या में कांग्रेस जन शामिल हुए। कस्तूरबा कन्या उच्चतर मा. शाला विनोबा नगर कालीमाई वार्ड में राहुल कुरै पार्षद ने ध्वजारोहण किया। इसमें डॉ. प्रेमकुमार वर्मा, डी.के. सोलंकी, विजय शर्मा, चन्द्रशेखर जयसवाल, भूपेन्द्र डडसेना, अजंनी देवांगन, ज्योति किरण, अंशु साहू उपमा लसेकर, डॉ. अजीज रफ ीक प्राचार्य सहित सभी, दीदिया शामिल हुई।

सहकारी बैंक में गणतंत्र दिवस उत्साह के साथ मनाया गया

मुंगेली/नवप्रदेश। सहकारी बैंक में ध्वजारोहण सहायक पंजीयक उत्तर कौशिक द्वारा किया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर सहकारी जगत की दशा दिशा और भविष्य योजनाओं पर चर्चा की गई और कृषकों के साथ लोगो से अपील की गई की वे सहकारिता के

भावनाओं को समझते हुए उसे आगे बढ़ाने में हम सब का योगदान कैसे हो यह विषय किसान और लोग स्वयं तय करें जिम्मेदारी ले और सहकारी जगत में आगे बढ़ाने में योगदान दे। सेवा निवृत्त शाखा प्रबंधक ज्ञानेन्द्र शर्मा, शाखा प्रबंधक देवेन्द्र देवांगन, राजेश पटेल, पवन गोयल सहित सहकारी बैंक के स्टॉफ मौजूद थे।

पैराडाइज स्कूल में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

कांकेर/नवप्रदेश। पैराडाइज हायर सेकेंडरी स्कूल में धूमधाम से गणतंत्र दिवस मनाया गया। प्राचार्य रश्मि रजक एवं शिक्षकों की उपस्थिति में मुख्य अतिथि राजकुमार फ बयानी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। प्राचार्य रश्मि रजक ने इस अवसर पर कहा कि हमारे देश के सैनिक देश की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर देते हैं और देश के महान लोग देश की उन्नति एवं रक्षा के लिए अपना बलिदान देते आए हैं। हमें भी यह चिंतन करना चाहिए कि हमें केवल स्वयं एवं परिवार के लिए ना सोच कर देश की उन्नति उत्थान के लिए कार्य करना चाहिए, जिससे हमारा मानव जीवन सार्थक है। ऑनलाइन विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम फैंसी ड्रेस, ड्राइंग पेंटिंग एवं स्पीच कॉम्पीटीशन में प्री प्राइमरी सेस्वर्णा वर्मा, मनन कावडे, लीशिता शांडिल्य, रितेश पटेल, अर्शिया परवीन, मनाली कोर्सम, त्रिष्टि पटेल, मानसी पटेल ताशी मरकाम शंभवी गोसाई, मोहम्मद अहसान रजा, लियाना ठाकुर, पुष्कर विश्वकर्मा केनिशा नेताम, चेताली सिन्हा, एकांश नागवंशी, सानवी यादव, कुणाल मरकाम, काच्या सूरज, पारस कोराम, नूरैना खान, लोव्याम निषाद, काव्यांश ठाकुर, हसनैन सोलंकी सानवी यादव, महक ठाकुर, भौमिक साहू, शौर्य गोस्वामी, मयाश कुंजाम, प्राइमरी से आयुष आहित, मानवी हीडको दिव्याश गंधर्व अनन्या मिश्रा, खुशबू लकरा मान्या तिवारी, अवनी यादव, दामिनी ठाकुर, प्रज्ञा मडावी, मान्यता पटेल, विजीता शोरी, नाजिया फ ातिमा राबिया फातिमा, हामिद अली, प्रज्ञा नेताम, भूमिका ठाकुर, नैनिका नेताम, देवाश अत्री, परिधि पैकरा, चैताली मरकाम, अनुभव कौशिक, नौसिद्ध चित्ररेखा नेताम, प्रेरणा यादव, लक्ष्मी कौशिक भव्य बिस्वाल, छाया गावड़े, झरना यादव, सामिया एवं मिडिल व हाई स्कूल एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों मेंसे कृतिका मिश्रा, योगिता निषाद, योगिता शोरी, अनामिका कोर्सम, पायल दिवाकर, करिश्मा नागवानी, जायना बानो, पल्लवी कोरॉम, पुर्णजीत परिहार पद्माक्षी नेताम आदि बच्चों ने भाग लिया। लगभग 100 बच्चों ने उत्साह पूर्वक विभिन्न ऑनलाइन कार्यक्रम में भाग लिया। संपूर्ण ऑनलाइन कार्यक्रम को संचालित करने में प्राचार्य रश्मि रजक, मैनेजर योगेश रजक, एडमिनिस्ट्रेटर हरि गोलुगिरी एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा।

नक्सलियों का 3 जगहों पर लगाए गए स्पाइक बरामद

बीजापुर/नवप्रदेश। जिले मे चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् थाना कुटरू से अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अभिनव उपाध्याय के हमराह जिला बल एवं कैम्प दरभा छसबल 9वी वाहिनी की संयुक्त टीम जैगुर, कोटमेटा, नदीपारा की ओर निकली थी। अभियान के दौरान माओवादियों द्वारा जैगुर और कोटमेटा के मध्य नदी किनारे पगडण्डी रास्ते पर पुलिस पार्टी को क्षति पहुंचाने की नीयत से 03 स्थानों गड्ढा कर भारी मात्रा में स्पाईक लगा कर इन गड्ढ़ों को सूखे

पत्तों, प्लास्टिक थैला एवं पतली डण्डियों की मद्द से छुपा रखा था ताकि सुरक्षा बल इन रास्तों में आये एवं रास्तों के मध्य बनाये गड्ढों में लगे स्पाईक की चपेट में आकर घायल हो। सुरक्षा बलों द्वारा माओवादियों की मशां को विफल करते हुये रास्ते में लगाये गये गये स्पाईक को हटाया गया। माओवादियों के लगाये गये स्पाईक से सुरक्षा बलों के साथ-साथ निर्दोष ग्रामीण एवं पशु, मवेशी भी इसकी चपेट में आ सकते थे।

केनरा बैंक Canara Bank

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

ई-नीलामी दिनांक: 28.02.2022

स्थायी संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी सूचना

आम जनता को साधारणत: एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषत: सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके सांकेतिक/भौतिक कब्जा ले लिया गया है। निम्न वर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक 28.02.2022 को 12.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक **केनरा बैंक सुरक्षित लेनदार** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु **"जैसा है जहां है, जो है जैसा है"** एवं **"जो कुछ भी है"** के आधार पर किया जा रहा है।

ऋणी/गारंटर का नाम एवं पता	संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम	मांग सूचना दिनांक / कब्जा सूचना दिनांक / बकाया राशि	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि	शाखा प्रबंधक का नाम / खाता का नाम/खाता संख्या व आईएफएससी कोड/ई-मेल
श्री कुंजबिहारी बनर्जी एवं श्री विजेन्द्र पाल सिंह आदिले (जमानतदार)	खसरा नं. 86, प.ह.नं. 10, मौजा व ग्राम- मस्तीकापा, आर.एन.एम. एवं जिला- मुंगेली में स्थित भूमि व भवन। **चौहद्दी- उत्तर-** शासकीय भूमि एवं नाला, **दक्षिण-** शीतलकुण्डा सीमा, **पूर्व-** स्वामित्व भूमि, **पश्चिम-** शासकीय भूमि फिर सड़क.	07.04.2021 12.08.2021 ₹ 8,59,346.74 26.01.2021 तक भविष्य का ब्याज और अन्य खर्चे आदि	8,00,000/- 80,000/- 10,000/-	श्री जावेद मेमन (मो. 8956555199) मुंगेली शाखा 7975296000001 CNRB0007975 cb5205@canarabank.com
श्री बबलू कुमार पिता- राजेन्द्र ठाकुर एवं श्रीमती पिंकी देवी पति- श्री बबलू कुमार	खसरा नं. 118, 120/2, 120/3, सारंगढ़ रोड, जे.डी.डी. छाया कालोनी, छातामुड़ा, वार्ड नं. 36, तहसील व जिला- रायगढ़, छत्तीसगढ़, क्षेत्रफल- 500 वर्गफीट में स्थित संपत्ति। **चौहद्दी- उत्तर-** चारदीवारी, **दक्षिण-** सड़क, **पूर्व-** खुली भूमि, **पश्चिम-** खुली भूमि।	08.04.2021 05.08.2021 ₹ 15,13,246.10 26.01.2021 तक भविष्य का ब्याज और अन्य खर्चे आदि	15,00,000/- 1,50,000/- 10,000/-	श्री राजेश कुमार साहू (मो. 9424204057) रायगढ़ शाखा 7975296000001 CNRB0007975 cb17850@canarabank.com
श्रीमती ममता देवी पति- श्री अखिलेश सोनी एवं श्री अखिलेश सोनी पिता- श्री कमलेश्वर प्रसाद	फ्लैट नं. 115, ब्लॉक- एफ, तृतीय तल, हिमालयन हाईट्स, शैलेन्द्र नगर, बेलादुला, वार्ड नं. 25, रायगढ़, छत्तीसगढ़, क्षेत्रफल- 1163.50 वर्गफीट में स्थित संपत्ति। **चौहद्दी- उत्तर-** पैसेज, **दक्षिण-** खुला आसमान, **पूर्व-** खुला आसमान, **पश्चिम-** खुला आसमान।	30.04.2021 05.08.2021 ₹ 22,13,109.35 26.01.2021 तक भविष्य का ब्याज और अन्य खर्चे आदि	17,80,000/- 1,78,000/- 10,000/-	श्री सुरेश चन्द्र बिसी (मो. 9425570229) रायगढ़ शाखा 7975296000001 CNRB0007975 cb3329@canarabank.com
श्री पुरुषोत्तम राउत पिता- श्री दयानिधि राउत एवं श्रीमती सावित्री राउत पति- श्री पुरुषोत्तम राउत	एम.पी. नगर, वार्ड नं. 24, कोरबा, तहसील व जिला- कोरबा, छत्तीसगढ़, क्षेत्रफल- 436.00 वर्गफीट, ई.डब्ल्यू.एस. 168 में स्थित भूमि एवं तीन मंजिला भवन का ईम्पटी। **चौहद्दी- उत्तर-** गली सड़क, **दक्षिण-** ई.डब्ल्यू.एस.159, **पूर्व-** ई.डब्ल्यू.एस. 169, **पश्चिम-** गली.	27.10.2021 04.01.2022 ₹ 90,12,991.38 26.01.2021 तक भविष्य का ब्याज और अन्य खर्चे आदि	15,84,000/- 1,59,000/- 10,000/-	श्री राजेश एक्का (मो. 9425502490) कोरबा शाखा 7975296000001 CNRB0007975 cb2490@canarabank.com
श्री पुरुषोत्तम राउत पिता- श्री दयानिधि राउत एवं श्रीमती सावित्री राउत पति- श्री पुरुषोत्तम राउत	आई.डी.एस.एम.टी. योजना कॉम्पलेक्स, घंटाघर चौक, वार्ड नं. 22, कोरबा, जिला- कोरबा (छ.ग.) क्षेत्रफल- 206.60 वर्गफीट में स्थित दुकान नं. 01 का ईम्पटी। **उत्तर-** श्री राठौर का दुकान, **दक्षिण-** पार्क, **पूर्व-** सड़क, **पश्चिम-** दुकान.	27.10.2021 04.01.2022 ₹ 90,12,991.38 26.01.2021 तक भविष्य का ब्याज और अन्य खर्चे आदि	41,91,000/- 4,20,000/- 10,000/-	श्री राजेश एक्का (मो. 9425502490) कोरबा शाखा 7975296000001 CNRB0007975 cb2490@canarabank.com
श्री सैय्यद हुसैन शहजादा पिता- एस.ए. कादर एवं श्रीमती नुसरत जबीन पति-सैय्यद हुसैन शहजादा	प्लॉट/खाता नं. 333/11, नमन विहार के बगल में, वार्ड नं. 12, कोरबा, तहसील व जिला- कोरबा, छत्तीसगढ़, क्षेत्रफल- 2600 वर्गफिट। **चौहद्दी- उत्तर-** सड़क, **दक्षिण-** नमन विहार (कम्पाउंड दीवार), **पूर्व-** देव की भूमि, **पश्चिम-** दिनेश पटेल की भूमि.	27.10.2021 28.12.2021 ₹ 33,79,312.03 26.01.2021 तक भविष्य का ब्याज और अन्य खर्चे आदि	35,10,000/- 3,51,000/- 10,000/-	श्री राजेश एक्का (मो. 9425502490) कोरबा शाखा 7975296000001 CNRB0007975 cb2490@canarabank.com
श्री संजीव प्रसाद मेहता	खसरा नं. 415/2, प.ह.नं. 28, ग्राम- पुंडापाली, तहसील- सराईपाली, जिला- महासमुंद, छ.ग. क्षेत्रफल- 19375.02 वर्गफीट में स्थित भवन व भूमि। **चौहद्दी- उत्तर-** सड़क, **दक्षिण-** अन्य की संपत्ति, **पूर्व-** अन्य की संपत्ति, **पश्चिम-** मुख्य सड़क।	30.04.2021 06.09.2021 ₹ 9,69,522.17 26.01.2021 तक भविष्य का ब्याज और अन्य खर्चे आदि	11,20,000/- 1,12,000/- 10,000/-	श्री सुशील कुमार शेट्टी (मो. 9425505423) सराईपाली शाखा 7975296000001 CNRB0007975 cb5423@canarabank.com

ई-नीलामी की शर्तें- (1) ई-नीलामी **"जहां है जैसा है एवं जो कुछ भी है"** के आधार पर भार सहित (अगर कोई हो) की जायेगी। बैंक की जानकारी एवं सूचना के अनुसार संपत्ति पर कोई भार नहीं है। भार के विवरण हेतु अधोहस्ताक्षर्ता से धरोहर राशि जमा करने के पूर्व सम्पर्क करें। नीलामी बैंक द्वारा अधिकृत सेवा प्रदाता की वेबसाइट **www.bankeauctions.com** के माध्यम से आन लाईन ई-नीलामी की जावेगी। (2) आरक्षित मूल्य कम की निविदा/आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे। (3) संपत्ति का निरीक्षण सुबह 10.00 से सायं 5.00 बजे तक संबंधित शाखा प्रबंधक की पूर्व अनुमति से किया जा सकता है। (4) इच्छुक निविदाकर्ता धरोहर राशि (EMD) आरक्षित मूल्य का 10 प्रतिशत का भुगतान डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से, जो कि प्राधिकृत अधिकारी **केनरा बैंक** के उपरोक्त संबंधित शाखा के पक्ष में देय हो। दिनांक 26.02.2022 को सायं 5.30 बजे तक जमा करें अथवा आन लाईन भुगतान आरटीजीएस/एनईएफटी/फण्ड ट्रांसफर के माध्यम से उपरोक्त वर्णित खातों में किया जा सकता है। (5) सफल खरीददार के पक्ष में विक्रय की पुष्टि सिक्योर्ड क्रेडिटर की पुष्टि के अधीन होगी। (6) ऑन लाईन नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक बोलीकर्ताओं के पास डिजिटल हस्ताक्षर होना आवश्यक है। डिजिटल हस्ताक्षर प्राप्त करने हेतु सर्विस प्रदाता **M/s Canbank Computer Service Ltd. (Contact: 9480691777, 8023469665) E-mail ID: -eauction@ccsl.co.in** पर जिस दिन धरोहर राशि जमा की हो उसी दिन डिजिटल सिग्नेचर प्राप्त करने हेतु सर्विस प्रदाता से संपर्क करें। इच्छुक निविदाकर्ता से अनुरोध किया जाता है कि वे स्वयं को वेब पोर्टल **www.bankeauctions.com** में नाम पंजीकृत करवाए और लॉग इन आईडी और पासवर्ड प्राप्त करें। (7) ईएमडी जमा करने के पश्चात इच्छुक खरीददार को **दिनांक 26.02.2022 को सायं 3.00** बजे या उससे पहले निम्नांकित दस्तावेज अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। **अ.** ईएमडी राशि का डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर या यूटीआर नं. अगर भुगतान आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से किया गया हो तो। **ब.** पेन कार्ड की फोटोकापी/पहचान पत्र एवं पते का प्रमाण पत्र। **स.** इच्छुक खरीददार का नाम, सम्पर्क सूत्र एवं ई-मेल आईडी। **द.** इच्छुक खरीददार के बैंक खाते का पूरा ब्यौरा (नीलामी प्रक्रिया में असफल होने पर टोकन रकम की वापसी)। (8) बिक्री की पुष्टि होने पर सफल खरीददार बिक्री मूल्य का 25 प्रतिशत जिसमें ईएमडी के लिए पहले भुगतान की गई रकम भी शामिल है तुरंत जमा करेंगे एवं शेष 75 प्रतिशत राशि का 15 दिन के अंदर भुगतान करेंगे। निर्धारित समयावधि में शेष राशि जमा न करने की स्थिति में बोलीकर्ता द्वारा जमा राशि बिना किसी सूचना के जप्त कर ली जावेगी। (9) सफल बोलीकर्ता को स्टाम्प ड्यूटी से संबंधित सभी खर्चे/फीस पंजीयन शुल्क ट्रांसफर शुल्क एवं अन्य तात्कालिक खर्चे इत्यादि वहन करने होंगे। (10) यहां संपत्ति की विक्रय राशि रु. 50 लाख या उससे ऊपर हो उस परिस्थिति में नीलामी खरीददार को विक्रय राशि का 1 प्रतिशत टी.डी.एस. का भुगतान करना होगा तथा टीडीएस सर्टिफिकेट की मूल प्रति बैंक में जमा करनी होगी। (11) अधिक जानकारी हेतु उपरोक्त संबंधित शाखा से सम्पर्क करें या ईमेल करें eauction@ccsl.co.in अथवा सर्विस प्रदाता M/s Canbank Computer Service Ltd. (Contact: 9480691777, 8023469665) E-mail ID: -eauction@ccsl.co.in पर संपर्क करें।

सूचना- अंतिम मिनिट एवं सेकेण्ड में बिड करने से बचे। केनरा बैंक एवं सेवा प्रदाता किसी बंद/त्रुटि इंटरनेट बंद/लाईट जाने आदि के लिए जिम्मेवार नहीं होंगे। इन स्थितियों से बचने हेतु एवं आपातकालीन परिस्थितियों हेतु निविदाकर्ता से निवेदन है कि वे सभी आवश्यक प्रबंध/विकल्प अपने पास रखें। जैसे कि बैकअप पावर सप्लाई आदि जिससे वे ई-नीलामी में सफलता पूर्वक भाग ले सकें। (नोट: नीलामी की प्रक्रिया डीआईसी के नियम एवं शर्तों के तहत होगी।)

विवाद की किसी भी स्थित में अंग्रेजी अखबार 'द टाईम्स ऑफ इंडिया' दिनांक 30.01.2022 रायपुर संस्करण में प्रकाशित विज्ञापन मान्य होगा।

दिनांक : 29.01.2022 — प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

888 को लगा बूस्टर डोज

सूरजपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर की अगुवाई में अभियान चलाकर कोविड-19 का तीसरा डोज लगवाया गया, जिसमें कुल 888 लोगों ने बूस्टर डोज लगवाया। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने जिले के समस्त अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिनका दूसरा डोज का नौ माह पूर्ण हो चुके है वह जल्द से जल्द बूस्टर डोज लगवा लें। साथ ही आज संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में सभी अधिकारी को विभागवार सूची प्रेषित कर तीसरा डोज लगवाने के लिए निर्देशित किया गया था। उन्होंने स्वयं पूरे दिन

परिसर में वैक्सीनेशन टीम के साथ बैठकर अधिकारी कर्मचारियों को बूस्टर डोज लगवाने के लिए प्रेरित किया। कोरोना की चेन को तोडने के लिए मास्क लगाने एवं कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करना एक मजबूत प्रयास है। जिला प्रशासन द्वारा लगातार मार्केट में जागरूकता अभियान चलाए जाने के साथ ही मास्क नहीं लगाने वालों पर कार्रवाई की जा रही है तथा लोगों को मास्क पहनने, फिजीकल दूरी बनाने एवं सकय -समय पर साबुन से हाथ धोने सहित सेनेटाइजर का उपयोग करने प्रेरित किया जा रहा है। निश्चय ही इस कठिन समय का सामना हम टीकाकरण, जागरूकता, अनुशासन से कर पाएंगे।

सहायक परियोजना एवं समावेशी शिक्षा समन्वयक के रिक्त पदों के लिए 5 तक आवेदन

रायगढ़/नवप्रदेश। जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा, रायगढ़ में सहायक परियोजना अधिकारी के 2 पद रिक्त है, जिसे प्रतिनियुक्ति से भरा जाना है। इस हेतु इच्छुक व्याख्याता/प्रधान पाठक (माध्यमिक शाला) संवर्ग के शिक्षक जिन्हें कम्प्यूटर का ज्ञान हो एवं व्यापक भ्रमण करने की क्षमता हो। इसी तरह समावेशी शिक्षा समन्वयक के 01 पद रिक्त है, जिसे प्रतिनियुक्ति से भरा जाना है। इस हेतु इच्छुक व्याख्याता/प्रधान (माध्यमिक शाला)संवर्ग के शिक्षक, जो समावेशी शिक्षा से संबंधित 10 दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त किया हो।

छप्पर तोड़कर दुकान से चोरी करने वाले 2 गिरफ्तार

सूरजपुर/नवप्रदेश। रामानुजनगर निवासी फोटो स्टूडियों दुकान संचालक विकास सिंह ने थाना रामानुजनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 27 जनवरी के रात्रि में दुकान बंद कर घर चला गया दूसरे दिन सुबह दुकान खोला तो देखा कि दुकान के छप्पर को तोड़कर दुकान में घुसकर किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा कैमरा एवं नगदी रकम 400 रूपये को चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर धारा 457, 380 भादवि के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। एसडीओपी प्रेमनगर प्रकाश सोनी के मार्गदर्शन में थाना रामानुजनगर की पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर संदेही रामानुजनगर निवासी अमरजीत राजवाड़े व विवेक देवांगन को पकड़ा। पूछताछ पर दोनों ने दुकान का छप्पर तोड़कर चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों के निशानदेही पर चोरी किए गए निकोन कंपनी का कैमरा कीमत 12 हजार रूपये एवं 200 रूपये नगद जप्त कर दोनों को विधिवत् गिरफ्तार किया गया।

कार्यालय नगर पालिका परिषद मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

क्र. 885/न.पा./लो.नि.वि./2021-22 — मुंगेली, दिनांक 29/01/2022

// प्रथम निविदा सूचना //

एकीकृत पंजीयन प्रणाली सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से पी.डब्ल्यू.डी. भवन रोड एवं विद्युत एसओआर 01.01.2015 से कम, बराबर या अधिक दर अध्यक्ष/पार्षद मद अंतर्गत प्रपत्र (अ) में निम्नलिखित सिविल कार्यों की मैन्युअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

1. आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय :- 11.02.20222 समय दोपहर 5.30 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि :- 15.02.2022 समय दोपहर 4.00 बजे तक
3. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय :- 21.02.2022 समय दोपहर 3.00 बजे तक
4. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि एवं समय :- 21.02.2022 समय दोपहर 4.00 बजे तक

क्र.	कार्य का नाम	अनु. लागत राशि लाख में	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र शुल्क	अवधि	रिमार्क
1	वार्ड क्र. 14 में रामपाल सिंह के घर से गुनीश सिंह के घर तक सी.सी. सड़क एवं नाली निर्माण कार्य	4.68	4700	750	03 माह	सक्षम श्रेणी में पंजीकृत
2	वार्ड क्र. 21 भुरू यादव के घर से पार्षद श्रीनिवास के घर तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य	3.58	3600	750	02 माह	-- // --
3	वार्ड क्र. 21 होरी सोनकर के घर से मनोज सोनकर के घर तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य	2.83	2900	750	02 माह	--//--
4	वार्ड क्र. 21 सिंघानिया के घर से रजक के घर तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य	2.97	3000	750	02 माह	--//--
5	वार्ड क्र. 21 सरस्वती ठाकुर के घर से कुमार सोनकर के घर तक सी.सी. सड़क व नाली निर्माण कार्य	1.38	2000	300	02 माह	--//--

टीप :- निविदा के संबंध में नियम एवं शर्तें कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद मुंगेली

छत्तीसगढ़ आएंगे राहुल गांधी, 'सेवाग्राम' का करेंगे भूमिपूजन

रायपुर में कृषि मजदूर न्याय योजना का करेंगे शुभारंभ

रायपुर (नवप्रदेश)। छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना की पहली किस्त जारी करने कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी 3 फरवरी को छत्तीसगढ़ आएंगे। नवा रायपुर के राज्योत्सव स्थल से महात्मा गांधी के महाराष्ट्र के वर्धा आश्रम की तर्ज पर विकसित हो रहे 'सेवाग्राम' का भूमिपूजन करेंगे। इसके बाद रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना का शुभारंभ कर पहली किस्त जारी करेंगे। सीएम भूपेश बघेल ने उन्हें राज्य सरकार की ओर से आमंत्रित किया था। सीएम ने अपने पुत्र चैतन्य बघेल के शादी का भी न्यौता राहुल गांधी को दिया है। बताया जाता रहा है कि कार्यक्रम समाप्त हो जाने के बाद राहुल गांधी उसी दिन वापस दिल्ली लौट जाएंगे।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के लिए पंजीयन प्रक्रिया सितंबर 2021 से शुरू की गई थी। इसकी पहली किस्त गणतंत्र दिवस के मौके पर 26 जनवरी को जारी करने की तैयारी की गई थी। इस दौरान सीएम भूपेश बघेल

के बेटे चैतन्य बघेल का विवाह भी तय हो गया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पिछले दिनों अपने दिल्ली प्रवास के दौरान कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी व राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी से मुलाकात कर उन्हें अपने पुत्र के विवाह समारोह का आमंत्रण दिया था। इस दौरान सीएम बघेल ने राहुल गांधी से भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना को लेकर भी चर्चा की थी। मुख्यमंत्री ने राहुल गांधी के समक्ष इस योजना की शुरुआत करने का निवेदन भी किया था। सांसद राहुल गांधी ने भी इस आयोजन में शामिल होने की सहमति दी थी, लेकिन तारीख तय नहीं हुई थी। अब राहुल गांधी ने छत्तीसगढ़ आने का कार्यक्रम तय हो गया है।

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क विभाग के अनुसार सीएम भूपेश बघेल के निर्देश पर राज्य शासन द्वारा 3 फरवरी को नवा रायपुर के राज्योत्सव स्थल से सेवाग्राम का भूमिपूजन व रायपुर के साइंस कॉलेज से राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना का शुभारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर राज्य सरकार द्वारा फरवरी के प्रथम सप्ताह में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जाना प्रस्तावित है। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा आयोजन में शामिल होने की सहमति देने के बाद रायपुर के दो जगहों पर कार्यक्रम की तैयारियों जोर-शोर से शुरू हो गई है। वहीं यह भी बताया जा रहा है कि पांच राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनाव को देखते हुए राहुल गांधी कार्यक्रम के बाद वापस दिल्ली लौट जाएंगे।

विकास शुल्क दो गुना और विकास शून्य

आधा दर्जन से ज्यादा वार्डों के साथ निगम की सत्ता कर रही सौतेला व्यवहार

दुर्ग/नवप्रदेश। शहर के आधा दर्जन से ज्यादा वार्डों में विगत कई वर्षों से विकास कार्य ठप्प पड़ा हुआ है, किन्तु नगर निगम प्रशासन इन पिछड़े हुए और विकास की बाट जोह रहे वार्डों से दो गुना विकास शुल्क वसूल रहा है। नगर निगम की वर्तमान परिषद के कार्यकाल को दो वर्ष बीत चुके हैं, किन्तु इन मूलभूत सुविधाओं से महरूम वार्डों की सुध आज तक नहीं ली गई है। दो साल के कार्यकाल में महापौर धीरज बाकलीवाल शहर के विकास के लिए महज 4.10 करोड़ रूपए की राशि ही शासन से ला पाए हैं, जो ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। जाहिर है कि शासन से कम राशि लाने की वजह से शहर के पिछड़े हुए वार्डों के साथ न्याय नहीं हो पा रहा है। नगर निगम सीमा क्षेत्र के पोटिया, पुलगांव, उरला, बघेरा, कातुलबोर्ड, बोरसी और न्यू आदर्श नगर जैसे इलाके विकास की दौड़ में काफी पिछड़ चुके हैं। नगर निगम में कांग्रेस की सत्ता आई तो यह अपेक्षा थी कि अब शहर का संपूर्ण विकास हो पाएगा। खुद कांग्रेस के जिम्मेदार नेता यह आरोप लगाते रहे थे कि भाजपा की सत्ता होने की वजह से शहर का विकास नहीं हो पा रहा है। प्रदेश के साथ ही नगर निगम में भी कांग्रेस की सत्ता आने के बाद अब इन कागजी और श्रेय लेने के महारथी नेताओं से पूछना चाहिए कि विकास नामक चिड़ियां कहां तक पहुंची है और इन पिछड़े इलाकों तक कब अपनी पहुंच बनाएगी? दरअसल, निगम परिषद ने इन पिछड़े और गरीब क्षेत्रों के विकास के लिए एक धेला भी स्वीकृत नहीं किया है। इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि जिन इलाकों में विकास के नाम पर एक ईंट भी नहीं धरी गई, वहां विकास शुल्क के नाम पर दो गुनी राशि वसूली जा रही है। गौरतलब है कि उपरोक्त क्षेत्र अविकसित वार्डों की श्रेणी में आते हैं। होना तो यह चाहिए कि इन अविकसित क्षेत्रों में विकास कार्यों को रफ्तार दी जाए, किन्तु इसके विपरीत नगर निगम की सत्ता इन इलाकों को विकास से ही महरूम कर रही है। वर्तमान में विकसित क्षेत्रों से जहां 10 रूपए स्क्वेयर फीट की राशि विकास शुल्क के नाम पर ली जा रही है, वहीं इन अविकसित इलाकों के नागरिकों से यही राशि 20 रूपए की दर से वसूल की जा रही है। जबकि इन क्षेत्रों में बहुधा सड़क, नाली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं का सर्वथा अभाव है।

महापौर में अनुभव की कमी

पहली बार पार्षद और महापौर बने धीरज बाकलीवाल से नगर निगम का कामकाज संभाले नहीं संभल रहा। खुद कुछ कर नहीं पा रहे हैं तो अफसरों को दोषी ठहराया जा रहा है। नगर निगम के कमिश्नर समेत कई अफसरों को हटाने की कवायद भी शुरू कर दी गई है। कहा जा रहा है कि निगम की प्रशासनिक व्यवस्था बेहद खराब है, जिसके लिए ये अफसर दोषी हैं। अफसरों के सिर यह आरोप भी मढ़ा जा रहा है कि उनकी वजह से विभागीय कामकाज में चुस्ती नहीं है। शहर के विकास के लिए हर साल 40 से 50 करोड़ की राशि की दरकार है, किन्तु विडंबना है कि महापौर धीरज दो साल की अवधि में महज 4.10 करोड़ रूपए की राशि ही शासन से ला पाए हैं। विपक्ष का आरोप है कि महापौर की शहर के विकास के प्रति दिलचस्पी नहीं है। उल्लेखनीय है कि शासन से प्रत्येक नगर निगम को हर साल मरम्मत व संधारण जैसे कार्यों के लिए 5 करोड़ की राशि मिलती है। निगम की वर्तमान परिषद इस राशि का भी सदुपयोग करने में नाकाम रही है।

निगम में सत्ता के कई केन्द्र

नगर निगम में घोषित तौर पर भले ही धीरज बाकलीवाल महापौर हों, किन्तु अप्रत्यक्ष तौर पर निगम का संचालन कई लोग कर रहे हैं। इन्हीं लोगों के वांछित-अवांछित हस्तक्षेप की वजह से नगर निगम के अफसर बेहद परेशान हैं। संभवत- यही कारण है कि महापौर धीरज बाकलीवाल नगर निगम के कार्यों में ज्यादा रूचि नहीं दिखाते। नगर निगम में जो कथित टेंडर घोटाला हुआ था, उसके पीछे भी यही लोग थे और वर्तमान में निगम की प्रशासनिक व्यवस्था पूरी तरह लड?ड़ाई हुई है तब भी यही लोग जिम्मेदार हैं। महापौर अपने दायित्वों के प्रति कितने समर्पित हैं, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि हाल ही में जब शहर में पानी की ऐतिहासिक किल्लत हुई तब वे विधायक अरूण वोरा के साथ लिंगियाडीह और डोंगरगढ़ के दौरे पर थे। शहर में पानी के लिए त्राहिमाम मचा हुआ था और महापौर और विधायक धान के भंडारण की व्यवस्थाएं देख रहे थे। इसे गैर जिम्मेदारानापन की इंतेहा ही कहा जाएगा।

मूलभूत की बजाए कर रहे दिखावे वाले काम

एक ओर जहां शहर में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है, वहीं समस्याएं दूर करने की बजाए विधायक के मार्फत नगर निगम गैरजरूरी कार्यों को अंजाम दे रहा है। दो साल बाद नगर निगम को 4 करोड़ की राशि विकास कार्यों के लिए मिली, किन्तु इस राशि से सौंदर्यीकरण और दिखावटी प्रकाश व्यवस्था के कार्य कराए जा रहे हैं। नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष अजय वर्मा का आरोप है कि नगर निगम सुविधाहीन वार्डों में काम करने की बजाए दिखावे पर राशि खर्च कर रहा है। उनके मुताबिक, महापौर शहर की मूलभूत समस्याओं को दरकिनार कर चुके हैं। जबकि जिन वार्डों से दो गुना विकास शुल्क वसूला जा रहा है, वहां सड़क, नाली, पानी जैसी सुविधाएं मयस्सर कराई जा सकती है। वर्मा के मुताबिक, नगर निगम में वर्तमान हालात यह हैं कि अफसरशाही काम नहीं कर पा रही। कई त्रस्त अफसरों ने कामकाज में बेजा हस्तक्षेप के चलते वीआर ले लिया है।

किसानों की 5 मुद्दों को लेकर 31 को भाजपा किसान मोर्चा देगी धरना

बालोद/नवप्रदेश। प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा द्वारा 5 सूत्रीय मांग को लेकर 31 जनवरी को प्रदेश के सभी धान खरीदी केंद्र पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा। इस धरना प्रदर्शन में प्रदेश भाजपा के सभी वरिष्ठ नेता, सांसद, विधायक पूर्व विधायक, मंत्री भी किसी एक सोसाइटी के आंदोलन में शामिल होंगे। एक दिवसीय इस धरना के पश्चात मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा जाएगा। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा है कि राज्य सरकार के पास किसानों के हित में कोई स्पष्ट नीति नहीं है। प्रदेश के किसानों को लगातार छला जा रहा है। प्रदेश में बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। जिसकी भरपाई सरकार को तुरंत करना चाहिए। भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष तोमन साहू ने भाजपा के समस्त पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व समस्त किसान बंधुओं को अपने-अपने सोसाइटी के अंतर्गत उक्त धरना प्रदर्शन में सम्मिलित होने की अपील की है।

ये है भाजपा किसान मोर्चा की 5 मांगें

1. धान खरीदी की तिथि 15 फरवरी तक बढ़ाई जाए
2. रबी फसल हेतु खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करें।
3. असमय वृष्टि ओला एवं बारिश से क्षतिपूर्ति तत्काल प्रदान किया जाए।
4. लंबित स्थाई विद्युत कनेक्शन तत्काल दिया जाए।
5. पिछले वर्ष के धान की बकाया राशि एवं 2 वर्ष का बकाया बोनस शीघ्र दें।

सब इंजीनियर पर शासकीय हैंडपंप बेचने का लगा आरोप

मामला छुईखदान लोक यांत्रिकी विभाग का

राजनांदगांव/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत दनिया के आश्रित ग्राम चारभाठा के निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव के वार्ड नंबर 10 में स्थित शासकीय हैंडपंप पर गांव के राम शरण वर्मा के द्वारा पूर्ण रूप से कब्जा कर लिया गया है। कब्जा कर उक्त हैंडपंप के शासकीय पाइप सहित सभी सामग्रियों को निकाल कर निजी मोटर पंप लगा लिया गया है, जिसके स्टार्टर को अपने घर के अंदर कमरे के अंदर फिट कर दिया है, जिसको किसी अन्य को छुने तक नहीं देता है। इस संबंध मे वार्ड नंबर 10 के रहने वाले अश्वनी राम का कहना है कि पिछले 15 दिनों से सरकारी हैंडपंप पर रामशरण ने निजी मोटर पंप लगा लिया है, जिसके चलते पूरे मोहल्ले वाले परेशान हो गये हैं। इस पर शराब के नशे में रामशरण ग्रामीणों को खुले आम धमकाते हुए कहता है कि हैंडपंप को पैसे देकर खरीदा हूँ, किसी दारभडे उप अभियंता का नाम बार-बार लेता है, जब गांव के पंच व ग्रामीणों ने छुईखदान पीएचई कार्यालय में इस संबंध मे शिकायत किये तो संबंधित उप अभियंता ने शिकायत सुनने के बजाए, गांव वालों को चमका कर वापस भेजते हुए कह दिया कि वो रामशरण के निजी भूमि में है, पंप से दुबारा कार्यालय आने की जरूरत नहीं है। आगे उप अभियंता ने कहा कि पानी के लिए अन्य वार्ड में लगे 2 हैंडपंप से निस्तार करो या फिर तालाब से पानी पियो, लेकिन इस हैंडपंप में राम शरण का अधिकार है, जबकि ग्रामीणों ने बताया कि हैंडपंप शासकीय भूमि पर है। उक्त हैंडपंप गांव का सबसे पुराना हैंडपंप है, जिसकी स्थापना आज से लगभग 22-23 साल पहले पीएचई विभाग की तरफसे किया गया है।

पिछले 3-4 सालों से चल रहा यह धंधा

ग्रामीणों का आरोप है कि उक्त हैंडपंप सहित आसपास अन्य गांव के हेंड पंपों के पाइप को हैंडपंप के संबंधित मिस्त्री और क्षेत्र के कुछ दबंग व्यक्तियों के माध्यम से उप अभियंता द्वारा निकलवा कर बेचने का गोरखधंधा पिछले 3-4 सालों से लगातार किया जा रहा है, जिसकी बारीकी से जांच की जायेगी तो एक बड़ी गड़बड़ी का खुलासा हो जायेगा। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त पाइप को कुछ खरीददारों के घर पर लगे हुए देखा भी जा सकता है।

एफआईआर दर्ज करने की मांग

ग्रामीणों ने कार्यवाही करने की मांग करते हुए कहा कि शासकीय हैंडपंप को कथित तौर पर बेचने वाले उप अभियंता पर तत्काल एफ आईआर दर्ज करने और शासकीय हैंडपंप से निजी कब्जा हटाया जाए। साथ ही आसपास के सभी गांव की हैंडपंप में लगे पाइप व अन्य सामग्रियों की ऑडिट कराया जाए, जिससे ग्रामीणों के द्वारा लगाए गए आरोपों की पुष्टि हो जाएगी।

> ग्राम चारभांठा के एक शासकीय पीएचई विभाग के हैंडपंप पर निजी मोटर पंप लगा कर कब्जा कर लिया गया है। ग्रामीणों को निस्तारी में आ रही दिक्कत और पंप पर कब्जे की जानकारी एसडीओ को दे दी हूं।
>
> **रुखमनि बाई,** सरपंच ग्राम पंचायत दनिया

> ये सही है कि शासकीय हैंडपंप पर रामशरण नामक व्यक्ति ने अपना निजी मोटर पंप डाला है, किंतु हैंडपंप को बेचने के आरोप गलत है। उच्च अधिकारी जब कहेंगे पुन: हैंडपंप को लगा दिया जायेगा, किंतु जब्ती या अन्य किसी प्रकार की कार्यवाही करने का अधिकार पुलिस विभाग को है।
>
> **दरभाड़े,** उप अभियंता-पीएचई विभाग, छुईखदान।